राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

वर्ष : 47 अंक 211

जौनपुर, सोमवार

19 मई 2025

तापमान अधिकतम / न्यूनतम 40°C | 28°C

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8

जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित

www.tarunmitra.in

सुदीक्षा ई.एन.टी. क्लीनिक & थायरॉइड सेन्टर
कान पर्दे की सुराख का बिना आपरेशन इलाज
सभी प्रकार के नाक, कान, गला थायराइड एवं मुख कैंसर रोग का इलाज व आपरेशन की सुविधा
डॉ. बृजेश कन्नौजिया M.B.B.S., M.S.(ENT) (गोल्ड मेडलिस्ट) नाक, कान, गला, थायरॉइड एवं मुख कैन्सर सर्जन
डॉ. एकता कन्नौजिया B.H.M.S., C.G.O. नाक, कान, गला एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
नईगंज तिराहा (कुमार पेट्रोल पम्प के सामने), जौनपुर Mob.:8115484636

Redefining Education
Umanath Singh Hr. Sec. School
www.unsschool.in
Registration Started Academic Session 2025-26 P.G., L.K.G to XI
Peaceful & Good Environment
Loving & Caring Teachers
Activity Oriented Curriculum
Creative Education Plan
A Senior Sec. School Affiliated to CBSE New Delhi
The Choice of Winner
Special Orientation for NTSE Olympiad, KVPY, NEET & JEE
Transport Facility Available
Shankarganj, Maharupur, Jaunpur - 222180
9415234208, 9648531617, 9839155647, 8808794452
9% of the Students Scored above 95 Percentile in the JEE (Mains) 2023
Principal-Dr. Bruno D.Nazareth

हैदराबाद में आग का तांडव

गुलजार हाउस में भीषण आग की वजह क्या? जिसने लील ली एक ही परिवार के 17 लोगों की जान

हैदराबाद। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में ऐतिहासिक चारमीनार के पास गुलजार हाउस में रविवार को एक इमारत में लगी भीषण आग लग गई।

हादसे में आठ बच्चों समेत 17 लोगों की मौत हो गई। हालांकि, आग के कारणों को लेकर शॉट सर्किट की बात सामने आ रही है। हालांकि, मामले में जांच के आदेश दे दिए गए हैं। एक निजी अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारी ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि 17 लोगों को मृत अवस्था में लाया गया था। इससे पहले मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने घटना पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को इमारत में फंसे लोगों को बचाने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बचाव अभियान में कोई लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए।

AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, 'गुलजार हाउस में आज हुई दुखद घटना में 125 वर्षों से इस इलाके में रह रहे एक खानदान के 17 तत्काल परिवार के सदस्यों की मृत्यु हो गई है। यह बहुत दुख की बात है।

अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी के मुताबिक, उन्हें सुबह करीब 6.30 बजे एक कॉल के जरिए घटना के बारे में बताया गया। वे मौके पर पहुंचे। कई लोग बेहोश पाए गए और उन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया। परिवहन और हैदराबाद जिले के प्रभारी मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने संवाददाताओं को बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। उन्होंने घटनास्थल का दौरा किया। मंत्री ने बताया कि इमारत में रहने वाले 17 लोगों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। ऐसी खबरें हैं कि उनमें से अधिकांश की मौत हो गई है। जानमाल का नुकसान हुआ है। हम आग दुर्घटना की जांच का आदेश देंगे।

इसमें कोई साजिश का पहलू नहीं है। इमारत में कुल चार परिवार रह रहे थे, जो एक-दूसरे के संबंधी थे। मौके पर मौजूद एआईएमआईएम के एक विधायक ने मीडिया को बताया कि शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार करीब 20 लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। सीएमओ की ओर से जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने और उचित चिकित्सा उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

SINCE : 1981
Affiliated to CBSE (New Delhi)
NEHRU BALODYAN SR. SECONDARY SCHOOL
ADMISSION OPEN 2025-26
KANHAIPUR, VAN VIHAR ROAD, JAUNPUR
SCIENCE • COMMERCE • HUMINITIES
PLAY GROUP To 9TH & 11TH
UPSC Air-1 Result - 24-01-2024 NIKHIL SINGH SCHOOLING- 9 TO 12 (2011-2015)
TRANSPORT INCHARGE 9554586608, 8736006564
KANHAIPUR, JAUNPUR
CONTACT FOR MORE INFO 9415234111, 9415349820 9450089310

School No. : 70622
Affiliation No.: 2131221
Admission Open 2025-26
Science, Commerce & Humanities
R.N. Tagore Higher Secondary School
(A Senior Secondary School)
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi (10+2)
WHERE EVERYONE IS AN ACHIEVER
Sukkhipur, Bodkarpur, Jaunpur
Phone:+91 5452-352515 Mob.: 9616178972, 9935011946, 7388456512
Email : rnthrss94@rediffmail.com | www.rntsss.com

Referral Book
The Most Advanced 192 Slice Siemens CT Scan Facility in Purvanchal
Diagnato diagnostics realm
• CT Coronary Angiogram
• Brain Angiography

गाजियाबाद में बाइक सवार बदमाशों का आतंक

गाजियाबाद। बाइक सवार बदमाशा शहर में तीन स्थानों पर दो महिला और एक व्यक्ति से लूट कर फरार हो गए। पीड़ितों की शिकायत पर नंदग्राम, सिहानी गेट और विजयनगर थाने में केस दर्ज कर पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि शीघ्र आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा।

राजनगर एक्सटेंशन की ब्लू मून सोसायटी निवासी राकेश सिंह शनिवार सुबह वीवीआइपी सोसायटी के पास अपनी मां के साथ ठेले पर सब्जी ले रहे थे। इसी दौरान बाइक पर आए दो बदमाश उनकी मां के गले से चेन झपट कर फरार हो गए। उन्होंने शोर भी मचाया, लेकिन

बदमाश तेजी से ओझल हो गए।

राकेश सिंह की शिकायत पर नंदग्राम थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। लूट की अन्य घटना सैन विहार निवासी हरिकेश यादव के साथ हुई है। शुक्रवार रात करीब पौने नौ बजे वह ड्यूटी जा रहे थे। राठी मिल के पास शौचालय के नजदीक बाइक सवार दो बदमाश आए और उनका मोबाइल फोन और रुपये छीनपकर ले गए।

कानपुर के लोगों के लिए खुशखबरी

मंधना-अनवरगंज एलीवेटेड रेलवे ट्रैक की निविदा जारी, 50 लाख लोगों को मिलेगा लाभ

कानपुर। मंधना-अनवरगंज एलीवेटेड रेलवे ट्रैक के निर्माण की निविदा 15 मई को जारी कर दी गई है। 30 जुलाई तक निविदा की अंतिम तारीख है। दो चरणों में 15.51 किलोमीटर लंबे रेलवे ट्रैक का निर्माण दो चरणों में 1115.65 करोड़ रुपये से होगा।

पहले ये धनराशि 995 करोड़ रुपये बताई गई थी। निर्माण कार्य दो साल में 2027 तक पूरा करने की मियाद रखी गई है। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के सामने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से नया रेलवे स्टेशन व भवन बनेगा, जबकि कल्याणपुर व रावतपुर स्टेशन खत्म हो जाएंगे। इसके निर्माण से दो लोकसभा क्षेत्रों

कानपुर व अकबरपुर के अंतर्गत 18 रेलवे क्रासिंगें खत्म हो जाएंगी, जिससे 50 लाख आबादी जाम से मुक्त हो जाएगी। जीटी रोड के समानांतर ट्रैक निर्माण से डेढ़ दर्जन से अधिक बाजारों में कारोबारी खुशहाल होंगे।

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने हर अड़चन दूर करने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ की सराहना भी की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस परियोजना का शिलान्यास कर सकते हैं। इसके लिए सांसद रमेश अवस्थी की तरफ से प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्र भी भेजा जा चुका है। वर्ष 2004 में 21 साल पहले एलीवेटेड रेलवे ट्रैक की परियोजना को लेकर कवायद शुरू हुई थी। इसके बाद लगातार ये मुद्दा उठाया जाता रहा।

जय माँ गायत्री सुपरस्पेशलिटी
पेन हॉस्पिटल/क्लीनिक एवं पैलिएटिव केयर (दर्द चिकित्सालय)
वाजिदपुर तिराहा, जौनपुर
दर्द क्लीनिक (पेन क्लीनिक)
दर्द विभाग- पुराना दर्द की चिकित्सा विशेषज्ञता का हॉस्पिटल जनपद में पहली
पेन मैनेजमेंट डिपार्टमेंट
बार इन्टरनेशनल पेन प्रोसीडर सर्जरी द्वारा बिना चीर फाड़ के दर्द से तत्काल आराम।
चेहरे का दर्द, घुटने का दर्द, स्पाइन का दर्द, गर्दन का दर्द, न्यूरो (नस) का दर्द, कैंसर का दर्द, माइग्रेन का दर्द इत्यादि।
पुराना दर्द से आराम न मिलने पर दर्द विभाग में अवश्य दिखायें
पैलिएटिव मेडिसिन विभाग- पैलिएटिव विभाग/विशेषज्ञता का जनपद में पहली बार प्रारम्भ पुराना गम्भीर जनरल मेडिसिन/ साइकियाट्रिक/न्यूरोलॉजी/ कार्डियोलॉजी/ टी.बी. एवं चेस्ट/ आन्कोलॉजी (कैंसर विभाग)/HIV विभाग इत्यादि से सम्बन्धित रोगों/ विशेषज्ञों के यहाँ से आराम न मिलने पर पैलिएटिव मेडिसिन विभाग/विशेषज्ञता में एक बार अवश्य दिखायें।
क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग- इमरजेंसी डाक्टरों की हर समय (आई.सी.यू. & वेन्टीलेटर) सुविधा/उपलब्धता
24 Hours सेवा
डेंगू, मलेरिया, निमोनिया हार्ट अटैक, साँस फूलना इत्यादि।
डा. विवेक शुक्ला
M.D. एनेस्थिसियोलॉजी & क्रिटिकल केयर
F.P.M (Fellow Pain Management & Palliative Care)
दर्द प्रबंधन विशेषज्ञ (पेन स्पेशलिस्ट), पैलिएटिव फिजिशियन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट Regd.No.- 53800

कंगाल पाकिस्तान को कर्ज देकर टेंशन में आया आईएमएफ

इस्लामाबाद। पाकिस्तान को कुछ दिनों पहले इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड से 1 बिलियन डॉलर का कर्ज मिला था। आतंकियों को पोषित करने वाले पाकिस्तान को पैसे दिए जाने पर आईएमएफ की कार्यवाही पर सवाल खड़े होने लगे थे। वहीं, अब आईएमएफ को डर सताने लगा है कि कहीं पाकिस्तान को दिए पैसे डूब न जाए, इसलिए संस्था ने एक बड़ा कदम उठाया है।

आईएमएफ ने पाकिस्तान के लिए अपने राहत कार्यक्रम की अगली किस्त जारी करने से पहले 11 नई शर्तें लागू की हैं। वहीं, आईएमएफ ने भारत-पाकिस्तान तनाव को आर्थिक कार्यक्रम के लिए गंभीर जोखिम बताया है।

A Place Of Scientific, Situational & Sequential Learning...
ST. MARRY CONVENT SCHOOL
Session 2025-26
Classes PG to IX
ADMISSION OPEN
Ph No.: 9598785972, 9140858396
Add.: Purani Bazar, Jaunpur

SALVATION HOSPITAL साल्वेशन हॉस्पिटल
डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव B.A.M.S. (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
24 घंटे भर्ती की सुविधा
आई.सी.यू. | डायलेसिस | एच.डी.यू.
नेत्र विभाग | अस्थि रोग विभाग
दन्त चिकित्सा | किडनी विभाग
जनरल मेडीसिन | जनरल सर्जरी
नोट- प्रत्येक महीने के दूसरे रविवार को प्रयागराज के गुर्दा रोग विशेषज्ञ डा0 सन्तोष मौर्य (M.D., D.M. Nephro) 12 बजे से 4 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।
डॉ. विवेक श्रीवास्तव
M.D. (Physician, F.G.O. (APOLO HOSPITAL)
P.G.D.S. Member of Indian Medical Association
UPMCI Rg. No. 95653
पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्यकर्मी कैशलेस चिकित्सा योजना सम्बद्ध अस्पताल
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत सूचीबद्ध अस्पताल
कंधरपुर, मुरादगंज, जौनपुर (वाराणसी-लखनऊ न्यू हाइवे के बगल में बाईपास से 400 मीटर की दूरी पर 9138828282, 8686867547

20 Year
750/916 Hallmark Jewellery
BIS हालमार्क रजिस्टर्ड एक्सक्लूसिव शोरूम
HUID HALLMARK
आपके विश्वास व शुद्धता पर खरा
99 19 7320 11
उमाशंकर लाइट हाउस का प्रतिष्ठान
उमाशंकर ज्वेलर्स
संजीव साहू
हरलालका रोड, जौनपुर-222001
RuPay VISA G Pay द्वारा पेमेन्ट की सुविधा उपलब्ध है।

नहीं लगा गाजी मियां का मेला, अकीदतमंदों ने पढ़ी फातिहा

हिंदूओं ने भी पहुंचकर दरगाह शरीफ पर टेका मत्था और मांगी मन्नतें

तरूणमित्र न्यूज

भदोही। हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक माने जाने वाले हजरत सैयद सालार मसूद गाजी रह.अले.(गाजी मियां) के ऐतिहासिक मेले का इस वर्ष आयोजन जिला प्रशासन की अनुमति न मिलने के कारण नहीं हो सका। मेला कमेटी ने फिलहाल के लिए आयोजन को स्थगित कर दिया। रविवार को नगर के मर्यादपट्टी स्थित दरगाह शरीफ पर फातिहा पढ़ने और मन्नतें मांगने के लिए सुबह से ही अकीदतमंद आते-जाते रहें।यह सिलसिला पूरे दिन चलता रहा।

गाजी मियां का मेला सैकड़ों वर्षो से जेठ माह में आयोजित किया जाता चला रहा है। जिला प्रशासन द्वारा इस वर्ष अनुमति न दिए जाने से मेले का आयोजन नहीं किया जा सका। हाईकोर्ट में दाखिल मुकदमे का हवाला देते हुए कहा गया था कि न्यायालय का फैसला आने पर विचार किया जाएगा। हालांकि शनिवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने बहराइच स्थित हजरत सैयद सालार मसूद रह.अले.गाजी की दरगाह शरीफ पर सालाना जेठ मेले के आयोजन की मंजूरी देने से इंकार कर दिया। लेकिन कोर्ट ने दरगाह में रोजमर्रा के धार्मिक अनुष्ठानों और गतिविधियों को जारी रखने की इजाजत दे दी। न्यायालय के इस फैसले के बाद जिला प्रशासन भी जायरीनों को चादरपोशी व फातिहा पढ़ने की इजाजत दी है। दरगाह शरीफ पर सुबह से ही अकीदतमंद फातिहा पढ़ने के लिए आते रहे। दरगाह कैंपस के अंदर शिरनी की दुकानें से अकीदतमंद चादर और शिरनी लेकर फातिहा पढ़ने के लिए पहुंचे। चादरपोशी के बाद फातिहा पढ़कर मन्नतें मांगी गई।

दरगाह पर पहुंचने वालों में मुसलमानों के साथ ही हिंदुओं की संख्या कम न थी। हिंदू भी आस्था का फूल लिए पहुंचे और गाजी मियां के दरबार में माथा टेककर मन्नतें मांगी। जिनकी मन्नतें पूरी हुई उनके द्वारा मन्नतें उतारी गई। फातिहा पढ़कर लोग अपने घरों के लिए रवाना हो जा रहे थे। मेला परिक्षेत्र में पूरी तरह से सन्नाटा पसरा रहा।

जनपद में धड़ल्ले से संचालित हो रहे अवैध अस्पताल व पैथोलॉजी क्लिनिक स्वास्थ्य विभाग बना अनजान

सोनभद्र। जनपद सोनभद्र में धड़ल्ले से संचालित हो रहे अवैध अस्पताल पैथोलॉजी व क्लिनिक स्वास्थ्य विभाग को पूरी जानकारी होते हुए भी स्वास्थ्य विभाग अनजान बना हुआ है जब कभी बड़ी घटना या किसी की मौत हो जाती है तो स्वास्थ्य विभाग हाफते हुए धमक पड़ता है। जिले के हर क्षेत्र में हजारों अवैध अस्पताल क्लीनिक पैथोलॉजी खुले हुए हैं। यह अवैध अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन और मानकों के बगैर ही संचालित किये जा रहे हैं। इतना ही नहीं काफी संख्या में झोलाछाप डॉक्टर भी जिले के तमाम क्षेत्रों में इलाज कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग इन पर अंकुश लगाने में नाकाम है। जिले में मंडलीय अस्पताल के अलावा सीएचसी, पीएचसी, न्यू पीएचसी और बड़ी संख्या में केंद्र खोले गए हैं। इसके बाद भी प्राइवेट अस्पतालों की संख्या तेजी से बढ़ भी रही है। नगर से लेकर ग्रामीणांचलों में बिना मानक के अस्पतालों का संचालन हो रहा है। नगर में कई अस्पताल ऐसे हैं जो एक या दो कमरे में चलाये जा रहे हैं। ऐसे अस्पतालों में आपरेशन से लेकर प्रसव तक हो जा रहा है व अस्पताल खोलने का मानक भी पूरा नहीं कर रहे, इसके बाद भी उन पर संबंधित रोक नहीं लगा पा रहे हैं। उनके पास न तो डाक्टर हैं न प्रशिक्षित स्टाफ। नगर के धर्मशाला चौक, घोरावल रोड, शीतला मंदिर रोड, यही नहीं सीएमओ ऑफिस के चंद दूरी पर एवं रेलवे क्रॉसिंग पर, घुवास रोड, अमोखर चट्टी पर लगभग 6-7 की संख्या में अवैध क्लिनिक, तेंदु पुल, सोनवार रोड, नई बाजार लगभग 10-12 की संख्या में, चतरा बाजार में लगभग 10 अवैध झोलाछाप डॉक्टर रामगढ़ बाजार में लगभग 20 से लेकर 25

अवैध झोलाछाप डॉक्टर जिसमें होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक डेंटिस्ट इत्यादि सब मिलाकर सैकड़ों की संख्या में ऐसे अवैध अस्पताल संचालित किये जो रहे हैं। यही नहीं कुछ लोग मेडिकल स्टोर में भी अस्पताल और चिकित्सकीय कार्य कर रहे हैं। अवैध व क्लिनिक भी पथुरी से पनौरा रोड तक लगभग एक दर्जन से अधिक अवैध झोलाछाप डॉक्टर, ओईनी बाजार स्थित लगभग 15 से लेकर 20 अवैध झोलाछाप डॉक्टर खलियारी मार्केट में लगभग 25 से लेकर 30 अवैध झोलाछाप डॉक्टर अपनी दुकान चला रहे हैं। जो जनता के पसीने के कमाई को लूट रहे हैं।'ग्रामीण क्षेत्र में तो दुकान की तरह खुले हैं अस्पताल व झोलाछाप क्लिनिक ग्रामीण क्षेत्र में दुकानों की तरह अस्पताल झोलाछाप क्लिनिक खुले हुए हैं।

इलाज के नाम पर लोगों से मनमानी वसूली की जा रही है। इतना ही नहीं कई मरीजों की तो इलाज के दौरान मौत भी हो चुकी है। मधुपुर ओवर ब्रिज के नीचे खैरपुर रोड पर सीलथम पटना क्षेत्र में गांव में लगभग दो दर्जन से अधिक झोलाछाप डॉक्टर इलाज कर रहे हैं। विजयगढ़ किला रोड, धंधरौल बांध के पास से लेकर चुर्क नहर तक लगभग एक दर्जन से भी अधिक झोलाछाप डॉक्टर सक्रिय हैं। मारकुंडी क्षेत्र में मीना बाजार, व पहाड़ियों क्षेत्र में गांव-गांव अवैध झोलाछाप डॉक्टर जनता को लूट रहे हैं।

यही नहीं करगरा, मीतापुर, बसुहारी, सिंदुरिया रोड से लेकर जुगैल रोड से लेकर सेमिया घोरिया तक लगभग 40 से लेकर 50 अवैध झोलाछाप डॉक्टर अपनी अवैध दुकान चला रहे हैं। शाहगंज बाजार के अगल-बगल परासी पांडेय राजपुर रोड से लेकर लगभग गांव-गांव में अवैध झोलाछाप डॉक्टर बैठे हुए हैं। ओदार रोड गुरवल कोलिया घाट बर्दिया रोड शिवद्वार रोड घोरावल मेन मार्केट से लेकर घुवास कॉलोनी, फुलवारी इन सभी जगहों पर लगभग सैकड़ो अवैध झोलाछाप डॉक्टर बैठे हुए हैं जो इलाज के नाम पर लोगों के जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। मधुपुर, खैरपुर से लेकर करमा बाजार, खैराही ककराही, पगिया लगभग 50 की संख्या में झोलाछाप डॉक्टर बैठे हुए हैं स्वास्थ्य विभाग इन झोलाछाप डॉक्टर पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। जिससे इन झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा जनता के जान माल के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। समाजसेवी एवं आईटीआई कार्यकर्ता ने आलाधिकारियों से शिकायत कर उचित कार्यवाही किये जाने की मांग किया है जिससे समय रहते किसी भी बड़ी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

बरातियों पर हमले के मामले में चार पर मुकदमा

मीरजापुर। क्षेत्र के खैरा गांव में बृहस्पतिवार की रात बरातियों पर हमला करने के मामले में दूल्हे के चचेरे भाई की तहरीर पर पुलिस चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रयागराज जनपद के मांडा क्षेत्र के सुरवा दलापुर गांव से बरात जिगना थाना क्षेत्र के खैरा गांव में आई थी। रात में जयमाल के बाद बराती जनवासा में आर्केस्ट्रा देख रहे थे। आरोप है कि इसी बीच बस्ती के कुछ लोग लाठी-डंडे लेकर पहुंचे और बरातियों पर हमला कर दिया। इससे दूल्हा और उसके चचेरे भाई चंद्र प्रकाश समेत छह लोग घायल हो गए। घायल चंद्र प्रकाश ने खैरा गांव निवासी अंबुज, सौरभ, विकास और मांडा के कोसड़ा निवासी मनीष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट करने वाले चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

मीरजापुर में प्रचंड गर्मी, लू का अलर्ट, किसानों के लिए सलाह

मीरजापुर। जनपद में तेज धूप से लोग रविवार को काफी हलकान दिखे। कड़ी धूप से बचने के लिए लोग रुमाल आदि का सहारा ले रहे थे। जनपद भर में गर्म हवाएं लू चलने से लोग घरों में सिमट रहे हैं। अधिकतम तापमान 43 पार रहा, जबकि 26 तक पहुंच गया। आगामी दिनों में मौसम 45 पार रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार गर्म हवा अर्थात लू चलने की आशंका है। बादल तो छाए रहेंगे लेकिन वर्षा की संभावना नहीं है।

ग्रामीण कृषि मौसम सेवा भू भौतिकी विभाग बीएचयू वाराणसी के नोडल अधिकारी प्रो. रवि शंकर सिंह व तकनीकी अधिकारी मौसम वैज्ञानिक शिव मंगल सिंह ने बताया कि किसानों को मौसम पूर्वानुमान के आधार पर आगामी तीन दिनों में आंशिक रूप से

बादल छाए रह सकते हैं। वर्षा की कोई संभावना नहीं है। गर्म हवा (लू) चलने की आशंका है। तापमान उच्च स्तर पर बना रहेगा। वहीं न्यूनतम तापमान 27.0 से 28.0 डिग्री सेल्सियस तथा अधिकतम तापमान 42.0 से 45.0 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। किसानों को मौसम विज्ञानियों की सलाह

मौसम विज्ञानियों के अनुसार फसल की सुरक्षा के लिए गेहूं की कटाई एवं गहाई का कार्य शीघ्र पूरा करें और अनाज को सुरक्षित स्थान पर भंडारित करें। गर्म हवा के कारण फल, सब्ज़ी व दलहनी फसलों में पत्तियां मुरझा सकती हैं। इसके लिए हल्की सिंचाई सुबह या शाम करें। तापमान अधिक होने से वाष्पोत्सर्जन बढ़ेगा, इसलिए खेतों में नमी बनाए रखने के लिए टपक सिंचाई या मल्चिंग का उपयोग करें। सब्जियों व फलदार पौधों (आम, लीची) को नियमित अंतराल पर सिंचाई करें।

शरीर को स्वस्थ और पर्यावरण को स्वच्छ रखना जरूरी : अताउल

तरूणमित्र न्यूज

भदोही। भदोही साइकिलिंग क्लब के तत्वाधान में राष्ट्रीय राजमार्ग बड़ा चौराहा से पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान साइकिल यात्रा निकाली गई।

क्लब के अध्यक्ष अताउल अंसारी ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग व्यायाम जरूरी है और पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए वृक्षारोपण जरूरी है।

सभी लोग प्रतिदिन आधे घंटे योग व्यायाम कोई खेलकूद अवश्य करें और आसपास के काम साइकिल से या पैदल करें। जितनी देर हम साइकिल चलाते हैं उतनी देर मोटरसाइकिल व कार से निकलने वाले धुएं को भी रोकते हैं। इस तरह साइकिल का उपयोग पर्यावरण को दूषित होने से भी बचाता है।

बीरनई प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुस्ताक अंसारी ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया।

साइकिल यात्रा आरंभ होकर पड़ाव, जोगिनका, कठौता, बहुरियापुर, चहरपुर, हरदेवपुर, धारा विशंभरपट्टी के आस पास का भ्रमण करते हुए वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ, वृक्षों की जब करोगे रक्षा, तभी बनेगा जीवन अच्छा, हिंदुस्तान जिंदाबाद, स्वस्थ रहे मस्त रहे, करो योग रहो निरोग, हम सबने ये ठाना है पुरे भदोही को स्वस्थ बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम का नारा लगाते हुए लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के बारे में जागरूक करते हुए ग्रामीण मिनी स्टेडियम चक मांधाता में इसका समापन हुआ ।

साइकिल यात्रा में तौसीफ रजा, प्रवीण सिंह, सरफराज अहमद, आफताब खान, कमलेश कश्यप, अबरार हाशमी, महेंद्र यादव, फैज आलम, प्रमोद मौर्या, कार्तिक सुनील, शमशुल आरफीन, जीत सिंह, लक्ष्य सिंह, रुजैना जरीन समेत आदि रहे।

मिलावट खाद्य पदार्थ व नकली दवाओं पर नकेल कसने को लेकर हुई विधान परिषद की समिति की बेठक में दिया गया दिशा-निर्देश

मीरजापुर। विभिन्न प्रतिष्ठानों में बिक रही खाद्य पदार्थों में मिलावट और नकली दवाओं के प्रचलन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए दृष्टिगत आज जिला पंचायत सभागार में विधान परिषद समिति के सभापति राम गोपाल उर्फ गोपाल अंजान की अध्यक्षता में जनपद मीरजापुर, सोनभद्र व भदोही के जिलाधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में जिला स्तर पर स्टीयरिंग कमेटी की नियमित बैठकें करायें जाने पर बल देते हुए समिति ने खाद्य सुरक्षा और नकली दवाओं से जुड़े मुकदमों की समीक्षा की। सभापति ने खाद्य सुरक्षा के लिए इकट्ठा व जांच में दोषी के विरुद्ध लंबित मामलों को निर्धारित समय में निस्तारण करने का निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिया।। उन्होंने कहा कि मानक के विपरित पाए गए नमूनों के मामले में कड़ी कार्यवाही का आदेश दिया। सभापति ने कहा कि दोषी पाए गए संबंधित दुकानों और प्रतिष्ठानों पर जुर्माना लगाने के साथ उनका लाइसेंस रद्द करने की कार्यवाही की जाए। साथ ही

नकली दवाओं, मेडिकल स्टोर्स, दवा फैक्टरियों, ब्लड बैंक और पैथोलॉजी सेंटरों की नियमित जांच की जाए। समय-समय पर अपर जिलाधिकारी, पुलिस व खाद्य सुरक्षा अधिकारी की संयुक्त टीम स्कूलों में एमडीएम, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्कूलों व जेलों में औचक निरीक्षण किया जाए, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण खाना मिल सके। बैठक में मेडिकल स्टोरों सहित आयुर्वेदिक और आयुष दवाओं की गुणवत्ता जांच भी कराई जाए। सभापति ने निर्देश दिये कि नारकोटिक्स और नींद की दवाओं के दुरुपयोग पर विशेष नजर रखी जाए। इनके क्रय-विक्रय का पूरा रिकार्ड रखना अनिवार्य है। साथ ही आयुर्वेदिक दुकानों पर केवल अधिकृत दवाइयों की ही बिक्री की अनुमति दी जाए। समिति ने कोटे की दुकानों में खाद्यान्न व आंगनबाड़ी के टेक होम राशन, मिड डे मील में बच्चों को मिलने वाले खाने व अस्पतालों में मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता जांचने के निर्देश दिए।

उन्होंने पेशेवर ब्लड डोनरो पर कड़ी निगरानी करते हुए कार्यवाही की जाए। उन्होंने नर्सिंग होम में पंजीकरण संख्या उनके मेडिकल स्टोरों पर फार्मासिस्ट की उपलब्धता, बेडों की संख्या एवं चिकित्सकों के नाम आदि विवरण स्थाई रूप से अंकित कराये जाने के लिये निर्देश दिये। जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करके लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दी जा सकें। जेल में बंदियों को दिये जाने वाले खाने की गुणवत्ता भी अच्छी रखने की बात कही।

सुखमय जीवन के लिए हार्टफुलनेस ध्यान जरूरी: गोपाल

लायंस क्लब भवन में तीन दिवसीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज स्थित लायंस क्लब भवन में हार्टफुलनेस ध्यान का तीन दिवसीय कार्यक्रम शनिवार की देर शाम सम्पन्न हुआ। जिसमें एडवांस योगा ट्रेनर्स अनीता गुप्ता सहित 20 महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

हार्टफुलनेस प्रशिक्षक गोपाल ने कहा कि हमारा दिल ही है जो हमारा सही मार्गदर्शन कर सकता है और हार्टफुलनेस का मतलब दिल की आवाज का अनुसरण करना। हम अपने दिमाग की सुनते हैं मगर दिल की आवाज नहीं सुनते हैं। हमारा दिल उस वक्त आवाज देता है जब हमसे कुछ गलत होने वाला होता है। हार्टफुलनेस ध्यान का अभ्यास करते रहने से हम अपने दिल की सुनना सीख जाते हैं तब हम संतुलित, आनंदमय एवं उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने लगते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सभी कार्यों के समाप्ति के पश्चात शाम को हार्टफुलनेस सफाई ध्यान करने से हर समय तारोताजा रहते हैं। रात्रि में सोने से ठीक पूर्व हार्टफुलनेस प्रार्थना के माध्यम से हम अपने आंतरिक स्वर से जुड़ जाते हैं। हार्टफुलनेस ध्यान की पद्धति करीब 80 वर्ष पुरानी है जिसे फतेहगढ़ उत्तर प्रदेश के रामचंद्र जी महाराज द्वारा पुन: खोज कर इस संसार को प्रदान की गई, जिन्होंने प्राणाहुति के माध्यम से ध्यान को सहज बना दिया। इसलिए हार्टफुलनेस को सहज मार्ग भी कहा जाता है। अंत मे प्रतिभागियों द्वारा हार्टफुलनेस ट्रेनर को भेट स्वरूप एक पौधा प्रदान किया गया।

मूर्ति तस्करों की नजर गड़ी है संग्रहालयों पर-पर्यटक मायूस होकर लौटे

विश्व संग्रहालय दिवस पर सूने रहे संग्रहालय

सोनभद्र। जब सारे विश्व में अवस्थित संग्रहालयों में पर्यटकों की भारी भीड़ लगी हो, पर्यटक अपनी इतिहास, संस्कृति, साहित्य को संग्रहित कलाकृतियों के माध्यम से जानने के लिए उत्सुक हो, ऐसे में भूतात्विक, पुरातात्विक, ऐतिहासिक, धार्मिक दृष्टि से विश्व में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले सोनभद्र के शिवद्वार, मऊ गांव में अवस्थित खंडहर बन चुके संग्रहालय सूना पड़ा रहा।

इन संग्रहालयों में आने वाले पर्यटक, विद्यार्थी, स्थानीय नागरिक खंडहर रूपी संग्रहालय के गेट पर बंद ताले को कातर दृष्टि से निहारते हुए मायूस होकर लौट गए, दूसरी ओर संग्रहित प्रस्तर मूर्तियां भी अपने बदहाली, असुरक्षा, दुर्दशा का दंश झेलती रही। इतिहासकार दीपक कुमार केसरवानी के अनुसार-सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सोनभद्र के शिवद्वार एवं सुप्रसिद्ध विजयगढ़ दुर्ग स्थित मऊ गांव में बिखरे हुए ऐतिहासिक, कलाकृतियों, मूर्तियों को सुरक्षित रखने के दृष्टि से विंध्य संस्कृति शोध समिति उत्तर प्रदेश ट्रस्ट एवं अन्य सामाजिक, सांस्कृतिक संगठनों, साहित्यकारों के लंबे

संघर्षों, प्रयासों के बाद 11वें वित्त आयोग योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय लखनऊ द्वारा शिवद्वार में स्थलीय संग्रहालय का निर्माण कराया गया एवं 3 सितंबर,2009 को तत्कालीन संस्कृति मंत्री द्वारा इसका उद्घाटन भी किया गया, 15 सितंबर,2009 को विजयगढ़ दुर्ग स्थित मऊ गांव के संग्रहालय का उद्घाटन भी तत्कालीन संस्कृति मंत्री द्वारा किया गया। उद्घाटन के पश्चात कुछ वर्षों बाद यह संग्रहालय वित्त एवं कर्मचारियों के अभाव में बंद हो गया। स्थानीय नागरिक एवं संग्रहालय के मूर्तियों के संग्रहण में अग्रणी भूमिका निभाने वाले अशोक गोस्वामी के अनुसार-मऊ स्थित संग्रहालय अनेको दुर्लभ, प्राचीन मूर्तियां, कलाकृतियां संग्रहित है, इस संग्रहालय के निर्माण का उद्देश्य यह था कि ऐतिहासिक विजयगढ़ दुर्ग पर प्रतिवर्ष लगने वाले हिंदू मेले व अन्य कार्यक्रमों में भारी संख्या में आने वाले पर्यटक संग्रहालय में अवस्थित मूर्तियों का अवलोकन कर स्थानीय इतिहास से परिचित हो सकें, लेकिन हम गांव वालों का सपना अधूरा रह गया।

आज इस संग्रहालय की दीवारें, खिड़कियां जगह-जगह से टूट चुकी हैं मूर्ति तस्करों की कुदृष्टि संग्रहालय में संग्रहित कलाकृतियों पर गड़ी हुई है। वरिष्ठ अधिवक्ता राम अनुज धर द्विवेदी ने शिवद्वार स्थित संग्रहालय की दुर्दशा पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि-संग्रहालय के निर्माण की उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो पा रही है विश्व प्रसिद्ध शिवद्वार मंदिर में प्रतिवर्ष शिवरात्रि, बसंत पंचमी सावन के महीने में कावड़ यात्रा आदि धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है, लाखों की संख्या में दर्शनार्थी, भक्तजन, पर्यटक, मंदिर में दर्शन करने के लिए आते हैं।

आध्यात्मिक शिविर का भव्य शुभारंभ

सोनभद्र। ओबरा सेक्टर नम्बर 10 बाल विद्या निकेतन में 3 दिवसीय भारत सरकार के फिट इंडिया मुहिम के अंतर्गत योग एवं आध्यात्मिक शिविर का भव्य आयोजन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत अधिकारी मधुसूदन जयसवाल, मंच के संरक्षक अशोक यादव एवं प्रशांत सिंह दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। धन्वंतरी पतंजलि योग संस्थान एवं सोनांचल सेवा मंच के संयुक्त तत्वावधान में योग और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाकर 'स्वास्थ्य क्रांति' लाने का संकल्प लिया है।

धनवंतरी पतंजलि योग संस्थान के संस्थापक योग गुरु आचार्य अजय कुमार पाठक जी ने बताया की योग और आयुर्वेद चिकित्सा से विभिन्न रोगों जैसे शुगर, कमर दर्द, साइटिका, सिर दर्द, मोटापा, खून की कमी, अर्थराइटिस, और ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर बीमारियों को खत्म किया जा सकता है। मंच के सरंक्षक अशोक यादव एवं प्राध्यापक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि धन्वंतरी पतंजलि योग संस्थान एवं सोनांचल सेवा मंच ने राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देकर अत्यंत मजबूर व्यक्तियों को योग शिविर एवं अन्य चिकित्सा पद्धति के शिविर आयोजित कर लाभ पहुंचाने के लिए मंच के माध्यम से नियमित कार्य किये जा रहे है। धनवंतरी पतंजलि योग पीठ के सदस्य प्रशांत सिंह एवं विकाश अग्रहरि ने कहा कि यह संस्थान योग और आयुर्वेद के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। संस्थान एवं मंच द्वारा विभिन्न प्रकार के योग शिविर और आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिनमें लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और उपचार प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम मे मुख्य से जय कुमार सिंह, विनोद श्रीवास्तव, लक्ष्मी नारायण तिवारी, अखिलेश्वर प्रसाद, उपेंद्र यादव, शीतल देवी, रीता शर्मा, मालती, पार्वती आदि मौजूर रहे।

अदालती नोटिस

समन बिनावर इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय श्रीमान मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, सोनभद्र
एम.ए.सी नम्बर-148 सन् 2019
शिवाजी बनाम रामललित वगै0
रामललित पुत्र शोभा, निवासी लालपुर मड़िहान, पोस्ट लालपुर मड़िहान, जिला मिर्जापुर। (वाहन चालक वाहन ट्रक नं0-यू.पी. 64 एच/6274) ।......प्रतिवादीगण।
(मोटर दुर्घटना दावा अन्तर्गत धारा-166 डण्टण बज 1988)।

हरगाह,

आपके नाम नाशिल की दायरा की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 21 माह 05 सन् 2025 बवक्त 10 बजे के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से करार वाकहि वाकिफ किया गया हो और उमूरात अरूण मुतल्लिका मुकदमा का जबाब दे सके या जिसके साथ और कोई सख्श हो जो की जबाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर होगा और जबाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जबाबदेही को इस्तेमाल करना चाहते हो।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर मजकूर हाजिर नहीं होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूम होगा।

मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 16 माह 05 सन् 2025 ई0 जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुंसरिस

एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत श्रमदान एवं हस्ताक्षर अभियान आयोजित

तरुण मित्र न्यूज़

सोनभद्र। स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान हर दिन नई गति पकड़ रहा है और इस मुहिम में एनटीपीसी विन्ध्याचल अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यहां चलाए जा रहे प्रभावशाली अभियानों ने न केवल समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित किया, बल्कि नागरिक जिम्मेदारी को भी मजबूती से स्थापित किया है। इसी क्रम मे एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अवसर पर श्रमदान एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया।

इस पहल का नेतृत्व ई.सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विन्ध्याचल) ने किया। इस अवसर पर संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), डी.के. अग्रवाल, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री), राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन), ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस व एडीएम) और राकेश अरोड़ा, प्रमुख मानव संसाधन (विन्ध्याचल) उपस्थित रहे। साथ ही ज्ञान सिंह भाटी और भास्कर चौधरी (सहायक कमांडेंट्स, सीआईएसएफ) एवं उनकी टीम की सक्रिय भागीदारी ने इस सामूहिक

संकल्प को और भी मजबूती प्रदान की। एकजुटता और उद्देश्य की भावना के साथ, कर्मचारियों, उनके परिवारजनों, सीआईएसएफ कर्मियों, यूनियन और एसोसिएशन प्रतिनिधियों ने अनुबंधित हाउसकीपिंग स्टाफ के साथ मिलकर विंध्य चिकित्सालय परिसर की सफाई में श्रमदान किया। यह श्रमदान स्वच्छता के प्रति न केवल प्रत्यक्ष प्रतिबद्धता दर्शाता है, बल्कि उन कर्मचारियों के प्रति सम्मान भी व्यक्त करता है जो प्रतिदिन पर्दे के पीछे मेहनत करते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रबंधन टीम ने उनके समर्पण और सेवा की सराहना करते हुए उन्हें हाइजीन किट भेंट कर सम्मानित भी किया, जो परियोजना की समावेशिता और आभार की संस्कृति को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त व्यक्तिगत जिम्मेदारी के संदेश को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए एक सिग्नेचर अभियान भी आयोजित किया गया। इसमें प्रतिभागियों ने एक स्वच्छ और हरित भारत के लिए अपनी प्रतिबद्धता को हस्ताक्षर कर व्यक्त किया, जो सामाजिक बदलाव में व्यक्तिगत योगदान की शक्ति का प्रतीक है।

इन प्रभावशाली प्रयासों के माध्यम से एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना स्वच्छता, समावेशिता और स्थिरता के मूल्यों को लगातार बढ़ावा दे रहा है और सामुदायिक भागीदारी से पर्यावरणीय कार्रवाई का आदर्श स्थापित कर रहा है। एनटीपीसी विन्ध्याचल को टस्कर अवार्ड्स 2025 में प्रतिष्ठित दो स्वर्ण पुरस्कार से किया गया सम्मानित एनटीपीसी विन्ध्याचल ने एकबार फिर अपनी उत्कृष्टता और सामाजिक दायित्व का परिचय देते हुए टस्कर अवार्ड्स 2025 में दो प्रतिष्ठित स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त किए हैं। यह गौरवमयी सम्मान 17 मई,2025 को तिरुवनंतपुरम में आयोजित समारोह में प्रदान किए गए। एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना को' सीएसआर उत्कृष्टता' और' राजभाषा समावेशिता' की श्रेणियों में यह सम्मान प्राप्त हुआ। एनटीपीसी विंध्याचल की ओर से यह पुरस्कार अजय कुमार मीणा, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) ने ग्रहण किए।

सीएसआर उत्कृष्टता पुरस्कार एनटीपीसी विन्ध्याचल की उस प्रतिबद्धता को मान्यता देता है, जिसके अंतर्गत उसने स्थानीय समुदायों के समग्र विकास के लिए बहु आयामी पहलों को क्रियान्वित किया है। साथ ही बुनियादी ढांचा विकास, कौशल प्रशिक्षण, आर्थिक सशक्तिकरण तथा' बालिका सशक्तिकरण अभियान' के माध्यम से बालिकाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण में अहम योगदान दिया है। तथा राजभाषा समावेशिता पुरस्कार हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार हेतु किए गए प्रयासों का प्रमाण है। एनटीपीसी विन्ध्याचल ने न केवल अपने कर्मचारियों, बल्कि उनके परिवारों, संविदा कर्मियों और स्कूलों तक राजभाषा के प्रति जागरूकता और सहभागिता का वातावरण निर्मित किया है। ये दोनों पुरस्कार एनटीपीसी विन्ध्याचल की राष्ट्र सेवा, सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावनाको और भी सशक्त बनाते हैं।

पशु तस्करों का कहर, पिकअप से रौंदकर सिपाही की हत्या

चंदवक। पशु तस्करों ने पुलिस की घेराबंदी के पिकअप से चंदवक थाने में तैनात सिपाही को रौंद दिया। इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। शनिवार की रात लगभग सवा 12 बजे चंदवक थाना क्षेत्र के खुज्झी मोड़ के पास थानाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मी पशु तस्करों को पकड़ने के लिए वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान सूचना मिली कि एक पिकअप पशुओं को लेकर चंदवक की ओर से आजमगढ़ की तरफ जा रहा है।

इस पर पुलिस फोर्स अलर्ट हो गई। इस दौरान पिकअप को रोकने के लिए मार्ग पर दो ट्रकों को खड़ा कर कर बैरिकेडिंग कर दिया। कुछ ही देरबाद तेज रफ्तार पिकअप को आता देख पुलिस कर्मियों ने रुकने का इशारा किया, हालांकि चालक पिकअप नहीं रोके। इस दौरान सड़क किनारे खड़े वाहनों को धक्का मारते हुए आगे निकलने लगे। कुछ दूरी पर चंदवक थाने पर तैनात चंदौली निवासी लगभग 35 वर्षीय पुलिसकर्मी दुर्गेश सिंह किनारे खड़े थे। पिकअप चालक उन्हें रौंदते हुए आजमगढ़ की तरफ भाग गए। घटना के बाद पुलिसकर्मियों में अफरातफरी मच गई। आनन-फानन दुर्गेश सिंह को उठाकर वाहन से लेकर वाराणसी ट्रामा सेंटर गए। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार भागते समय पिकअप सवार तस्करों ने पुलिस टीम पर फायरिंग भी की, हालांकि पुलिस फायरिंग से इन्कार कर रही है। बताते चलें कि गत बुधवार की रात जलालपुर थाना क्षेत्र के चंवरी बाजार में संदिग्ध पिकअप सवारों ने पराउगंज चौकी इंचार्ज प्रतिमा सिंह सहित चार पुलिस कर्मियों को रौंद दिया था। पुलिस कर्मियों का इलाज अभी भी चल रहा है।

चोरों ने बंद पड़े मकान को खंगाला, लाखों के आभूषण किया पार

जौनपुर। शहर थाना कोतवाली क्षेत्र के उर्दू बाजार मुहल्ला स्थित एक बंद पड़े घर को चोरों ने निशाना बनाकर नकदी और लाखों के जेवरात को समेट ले गए। उक्त मुहल्ला निवासी मोहम्मद हारुन रोजी-रोटी के सिलसिले में खाड़ी देश कुवैत में रहते हैं। उनकी पत्नी रूबीना गत 11 मई को घर में ताला लगाकर खेतासराय चली गईं थीं। शनिवार दोपहर लौटीं और मुख्य दरवाजा खोलकर अंदर गईं तो भीतर कमरों के ताले टूटे व आलमारी खुली मिली। रूबीना के मुताबिक चोर जेवरातों समेत 50 हजार रुपये नकद उठा ले गए। घटना को अंजाम देने से पूर्व चोरों ने सभी कमरों में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ डाले है। तार काट कर डीबीआर भी उठा ले गए। रूबीना ने कोतवाली में तहरीर दी है। घटना के संबंध में हल्का चौकी प्रभारी राम प्रकाश यादव ने बताया कि घटना संदिग्ध लग रही है, तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल किया जा रहा है।

दुर्गेश सिंह की मौत से परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

फाईल फोटो

जौनपुर। चंदवक शनिवार आधी रात पशु तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान तस्करों द्वारा पिकअप से रौंदने से हुई पुलिस कर्मी चंदौली जनपद के सकलडीहा थानाक्षेत्र के उकनी गांव निवासी 35 वर्षीय दुर्गेश कुमार सिंह की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मृदुभाषी व व्यवहार कुशल दुर्गेश की पत्नी प्रियंका सिंह खुज्झी में प्राथमिक विद्यालय में अध्यापिका है। वह सिधौनी गांव में किराए के मकान में 6 वर्षीय बेटी नव्या व दो वर्षीय तान्या के साथ रहती है। घटना की जानकारी होते ही पिता दीनानाथ सिंह पुत्री तारा के साथ पहुंच गए। माता उर्मिला सहित परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने पत्नी सहित परिवार के अन्य सदस्यों को घर भेजवा दिया है।

शादी की खुशी मातम में बदली, पुलिस मुठभेड़ में दूल्हे का भाई ढेर

कॉपर लूट एवं ट्रक ड्राइवर की हत्या का आरोपी था मृतक

जौनपुर। एक तरफ घर में शादी की तैयारियां जोरों पर थीं तो दूसरी ओर आई एक खबर ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया।

कौशाम्बी के कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढा़ं हाइवे पर बहुचर्चित कॉपर लूटकांड और ट्रक ड्राइवर की हत्या में वांछित बदमाश क्षेत्र के पोरईकलां निवासी सन्तोष उर्फ राजू पुत्र जय प्रकाश की रात उक्त लूट स्थान पर हुई पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। यह बदमाश कोई और नहीं, बल्कि उसी घर का बड़ा बेटा था जहां सोमवार को सरोज की बारात निकलनी थी। मृतक कुख्यात बदमाश तीन भाई और एक बहन हैं। सरोज की कल बारात निकलनी है जो परिवार का मंझला बेटा है। पिता के साथ खेती-किसान करता है। सबसे बड़ा बेटा, जिसकी मुठभेड़ में मौत हुई, लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त था। उसके खिलाफ अलग- अलग प्रदेश में कई आपराधिक मामले दर्ज है। वहीं सबसे छोटा भाई स्वरूप जनपद के सीमावर्ती क्षेत्र फुलेश में एक जनरल स्टोर की दुकान चलाता है और पिता जय प्रकाश खेती-किसानी से जुड़े हुये हैं। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को राजस्थान अजमेर के जगपुरा गांव का रहने वाला 40 वर्षीय साबरमल मीणा अपने ट्रेलर में गुजरात से कापर वायर लोड कर प्रयागराज के सूबेदारगंज के लिए निकला था जिसकी कीमत करीब 4 करोड़ थी। शुक्रवार को कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढा हाईवे पर कुख्यात बदमाश सन्तोष उर्फ राजू ने अपने गैंग के दो सदस्यों के साथ अर्टिगा कार से ओवरटेक कर ट्रेलर रोक लिया और ड्राइवर साबरमल मीणा को गन पॉइंट पर पहले धमकाया। फिर उसे यह लालच दिया कि कापर वायर किसी और को बेंच देते हैं जिसके बदले उसे भी हिस्सा देंगे। जब ड्राइवर साबरमल मीणा ने बदमाशों से कहा कि यह ट्रेलर उसका खुद का है और यह कापर वायर रेलवे का है। वह ऐसा गलत काम नहीं करेगा।

इतने में बदमाश संतोष उर्फ राजू ने ड्राइवर साबरमल मीणा को पिस्टल से गोली मारकर हत्या कर दी और अपने दो साथियों की मदद से उसके शव को झाड़ियों में फेंक दिया। बदमाश कापर वायर लदा ट्रेलर ले जाकर प्रतापगढ़ की सीमा में खड़ा कर दिया। शनिवार की रात बदमाश संतोष उर्फ राजू चार लोगों के साथ दो करोड़ में कापर वायर का सौदा कर रहा था तभी कोखराज पुलिस ने बदमाश संतोष उर्फ राजू सहित चार अन्य खरीददार को धर दबोचा। पुलिस की पूछताछ में बदमाश संतोष ने अपना जुर्म कबूल किया जिसके बाद पुलिस घटना में इस्तेमाल पिस्टल बरामद करने के लिए उसे घटनास्थल पर लेकर पहुंची तभी झाड़ियों में छिपाकर रखे लोडेड पिस्टल से बदमाश संतोष ने पुलिस टीम पर फायरिंग करना शुरू कर दी। इस संबंध में कौशाम्बी पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि एसएचओ कोखराज चंद्रभूषण मौर्य और एक दरोगा के बुलेटप्रूफ जैकेट में गोली लगी। आत्मरक्षात जवाबी कार्रवाई में बदमाश संतोष के सीने में छह गोली लगी है। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। घर में जहां ढोल-नगाड़ों की गूंज होनी थी, वहां अब चीख-पुकार और सन्नाटा पसरा है। परिजन के अनुसार उन्होंने कई बार बड़े बेटे को समझाने की कोशिश की थी लेकिन वह अपराध की दुनिया से बाहर नहीं निकल पा रहा था।

पाली बाजार में खादी ग्रामोद्योग भंडार का हुआ उद्घाटन

जौनपुर। पाली बाजार में खादी ग्रामोद्योग भंडार का भव्य उद्घाटन नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद एमएलसी लाल बिहारी यादव एवं विशिष्ट अतिथि वाराणसी स्नातक खंड एमएलसी आशुतोष सिंह ने गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायिका श्रद्धा यादव ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य, पूर्व जिला अध्यक्ष डा. अवधनाथ पाल, जफराबाद विधानसभा अध्यक्ष नंदलाल यादव, वरिष्ठ समाजवादी पार्टी के नेता रत्नाकर चौबे, प्रिंसिपल रविंद्र नाथ यादव, प्रिंसिपल छोटेलाल यादव, प्रिंसिपल रामभवन यादव, प्रिंसिपल सूर्य नाथ यादव, प्रबंधक राम सिंह यादव, अखिलेश यादव जिला उपाध्यक्ष विजय प्रताप यादव आदि लोग शामिल है। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंत्री एवं प्रदेश संयोजक उत्तर प्रदेश यादव महासभा लाल यादव स्वागत भाषण गौरव सौरव यादव ने किया। आए हुए अतिथियों का आभार राम सिंगार यादव ने किया।

चार वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

तेजीबाजार। स्थानीय थाना क्षेत्र के जिरिकपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर जमकर हुई मारपीट में इलाज के दौरान मौत हो जाने के मामले में तेजीबाजार पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक जीरिकपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमें उक्त गांव के हरिशंकर गौतम गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिवारीजन इलाज हेतु हॉस्पिटल में भर्ती किए थे, जहां इलाज के दौरान हरिशंकर गौतम की मृत्यु हो गई थी, इस संबंध में पंजीकृत मु0अ0सं0 64/2025 धारा 105/352 बीएनएस थाना तेजीबाजार के वांछित अभियुक्त/ अभियुक्ता कैलाशनाथ गौतम पुत्र पंचम लाल, अमन कुमार गौतम पुत्र कैलाशनाथ गौतम, रिया पुत्री कैलाशनाथ गौतम, कमला देवी पत्नी कैलाशनाथ गौतम निवासीगण ग्राम जिरिकपुर थाना तेजीबाजार को मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने देर रात्रि में कंधी तिराहे के पास से गिरफ्तार किया वही पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त तीन अदद डंडा बरामद किया और चारों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्यवाही करने में जुटी हुई है।

सड़क पर ट्रक खड़ा करने को लेकर चालकों में मारपीट

जौनपुर। जफराबाद क्षेत्र के शाहबड़ेपुर गांव के पास रविवार को सड़क पर ट्रक खड़ा करने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। घटना बाईपास के समीप उस समय हुई जब एक ट्रक बेतरतीब ढंग से सड़क पर खड़ा था। उसी दौरान एक टाटा टेम्पो वहां पहुंचा। टेम्पो चालक संतोष सिंह पुत्र राजबहादुर सिंह निवासी तिघरा, थाना दीदारगंज, जनपद आजमगढ़ की ट्रक चालक विजय बहादुर यादव पुत्र मेवालाल यादव निवासी कटहरी बेलाव, केराकत तथा शिवप्रसाद यादव पुत्र कल्लर यादव निवासी रेहारी, जलालपुर से बहस हो गई। बात बढ़ते-बढ़ते हाथापाई में बदल गई। मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी मनोज राय दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को संभालते हुए तीनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए उनका चालान न्यायालय भेज दिया।

आशीष त्रिपाठी पुनः बने लायंस क्लब सूरज के अध्यक्ष

आशीष त्रिपाठी का स्वागत करते लायंस क्लब सूरज के लोग।

जौनपुर। असहाय और कमजोर वर्ग में अपने सहयोग के लिए पहचानी जाने वाली जनपद में अग्रणी संस्था लायंस क्लब सूरज संगठन के द्वारा एक चुनावी सभा का आयोजन संस्थाध्यक्ष विकास साहू उर्फ विक्की की अध्यक्षता में जनपद मुख्यालय पर किया गया। जिसमें चुनाव अधिकारी संतोष साहू बच्चा ने सत्र 2025-26 की अध्यक्ष के लिए एडीएम पेशकार आशीष त्रिपाठी के नाम का प्रस्ताव रखा, जिस प्रस्ताव को सदन के लोगों द्वारा एक मत से समर्थन देकर अध्यक्ष के रूप में आशीष त्रिपाठी को निर्वाचित किया। इस दौरान नव निर्वाचित अध्यक्ष ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि आइए हम सब मिल कर सेवा कार्यों का कीर्तिमान स्थापित करें। उपाध्यक्ष प्रथम एवं द्वितीय पर अमित साहू एवं विशाल यादव चयनित किए गए। नव निर्वाचित अध्यक्ष ने सचिव के लिए राजेंद्र खत्री, एवं कोषाध्यक्ष के लिए संतोष मौर्य का चयन किया। उक्त अवसर पर सर्वजीत श्रीवास्तव, आनंद स्वरूप साहू, सतीश मौर्य, दशरथ मौर्य, नसीम अख्तर, ललित कुशवाहा, अजीत चौधरी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

श्रमिकों के हित के लिए सरकार संचालिक कर रही कई योजनाएं

जौनपुर। शासन द्वारा श्रमिकों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित हो रही हैं, जिनमें सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, बीमा, कौशल विकास, पेंशन आदि शामिल है। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड उत्तर प्रदेश सरकार का एक संगठन है, जो राज्य के निर्माण श्रमिकों के कल्याण और अधिकारों की रक्षा के लिए कार्यरत है। इसी क्रम में सहायक श्रमायुक्त, देवब्रत यादव ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितार्थ विभिन्न योजनाएं संचालित हैं। मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना- शिशु के पुत्र होने की दशा में एकमुश्त रू0 26,000 तथा पुत्री होने पर रू0 31,000 प्रति शिशु की दर से देय होगा एवं रू0 25,000 की सावधि जमा बालिका के बालिग होने तक कराया जायेगा।

कन्या विवाह सहायता योजना-श्रमिक की पुत्री अथवा पंजीकृत निर्माण महिला श्रमिक के स्वयं के विवाह हेतु रु0 55,000 की धनराशि बोर्ड द्वारा आर्थिक सहायता के रूप में प्रदान की जाएगी तथा अंतर्जातीय विवाह हेतु रु0 61,000 एवं सामूहिक विवाह में रू0 75,000 की धनराशि आर्थिक सहायता के रूप में प्रदान की जाएगी। निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना- पंजीकृत निर्माण श्रमिक की कार्यस्थल पर दुर्घटना के फलस्वरूप मृत्यु की स्थिति में रू0 5,25,000 एवं सामान्य मृत्यु की स्थिति में रू0 2,25000 का भुगतान मृतक के आश्रित/आवेदक को प्रदान की जायेगी। संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना- पंजीकृत निर्माण श्रमिक के दो बच्चों तक कक्षा एक से लेकर उच्च शिक्षा तक अध्ययनरत होने की दशा में क्रमश: 2,000 से लेकर रू0, 1,00,000 तक एक मुश्त आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। गम्भीर बीमारी सहायता योजना- सरकारी/ स्वायत्तशासी चिकित्सालयों में इलाज कराने पर आयुष्मान भारत योजना में देय हितलाभ के समतुल्य राशि पूर्ण प्रतिपूर्ति। चकित्सा/शल्यक्रिया में चिकित्सालय द्वारा इलाज का इस्टीमेट दिये जाने पर चिकित्सालय को अग्रिम राशि का भी भुगतान किया जा सकता है।

बदमाशों ने युवक के सिर पर कुल्हाड़ी से किया हमला

जौनपुर। खुटहन थाना महमदपुर गुलरा गांव में गत गुरुवार की रात घर से लगभग दो सौ मीटर दूर शिव मंदिर प्रांगण में खाट पर बिस्तर लगाकर सो रहे युवक पर रात लगभग नौ बजे अज्ञात हमलावर ने उसके सिर माथे को निशाना बना कर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। गंभीर चोटें आने से युवक बिस्तर पर ही बेहोश हो गया। मंदिर पर टहलने गये कुछ लोगों ने देखा तो शोर मचाए। आनन फानन में उसे उपचार हेतु सीएससी बदलापुर वहां से जिला चिकित्सालय लाया गया। चिकित्सकों ने बेहतर उपचार हेतु उसे वाराणसी के ट्रामा सेंटर भेज दिया। जहां घटना के चौथे दिन भी उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। गांव निवासी विजय शंकर पाण्डेय का 29 वर्षीय पुत्र पवन पांडेय नियमित रूप से घर खाना खाने के बाद रात में मंदिर पर सोता था। गत गुरुवार की शाम लगभग आठ बजे वह घर से भोजन कर मंदिर के सामने पेड़ के नीचे खाट बिछाकर सो गया। रात लगभग नौ बजे गांव के ही कुछ युवक मंदिर पर टहलने गये तो पवन को आवाज देने लगे। वह नहीं बोला तो उसे जगाने के लिए पास आ गये। मोबाइल के उजाले में देखे तो उसका चेहरा और सिर खून से रंगा हुआ था। खाट की नीचे भी खून फैला हुआ था। शोर मचाने पर गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए।

मुठभेड़ में एक पशु तस्कर ढेर, सिपाही की मौत का बदला पूरा

जौनपुर। शनिवार रात चंदवक के कोइलारी गांव के पास पुलिस ने एनकाउंटर कर पशु तस्कर जलालपुर के कथवा निवासी सलमान को ढेर कर दिया है। मारे गए बदमाश के दो अन्य साथी भी घायल हुए हैं। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कल रात ही पशु तस्करों ने चंदवक थाने में तैनात सिपाही को रौंद कर मार दिया था। शनिवार की रात लगभग सवा 12 बजे चंदवक थाना क्षेत्र के खुज्झी मोड़ के पास थानाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मी पशु तस्करों को पकड़ने के लिए वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान सूचना मिली कि एक पिकअप पशुओं को लेकर चंदवक की ओर से आजमगढ़ की तरफ जा रहा है। इस पर पुलिस फोर्स अलर्ट हो गई। इस दौरान पिकअप को रोकने के लिए मार्ग पर दो ट्रकों को खड़ा कर कर बैरिकेडिंग कर दिया। कुछ ही देरबाद तेज रफ्तार पिकअप को आता देख पुलिस कर्मियों ने रुकने का इशारा किया, हालांकि चालक पिकअप नहीं रोके।

इस दौरान सड़क किनारे खड़े वाहनों को धक्का मारते हुए आगे निकलने लगे। कुछ दूरी पर चंदवक थाने पर तैनात चंदौली निवासी लगभग 35 वर्षीय पुलिसकर्मी दुर्गेश सिंह किनारे खड़े थे। पिकअप चालक उन्हें रौंदते हुए आजमगढ़ की तरफ भाग गए। आनन-फानन दुर्गेश सिंह को उठाकर वाहन से लेकर वाराणसी ट्रामा सेंटर पहुँचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

ब्लॉसम्स स्कूल में फाइलेरिया जांच का सफल आयोजन

टीकाकरण कराते बच्चे।

जौनपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. लक्ष्मी सिंह के निर्देशानुसार ब्लॉसम्स स्कूल, में 17 मई को यूकेजी एवं कक्षा एक के छात्रों के लिए फाइलेरिया जांच का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस जांच का उद्देश्य बच्चों में फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी की समय से पहचान कर उसे नियंत्रित करना था। यह जांच सीएमओ कार्यालय, द्वारा भेजी गई विशेष स्वास्थ्य टीम द्वारा संपन्न कराई गई।

जिसमें सुनील कुमार, शिव शंकर वर्मा, एएनएम बृंदा देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुमन कन्नौजिया, लीलावती देवी, सुनीता प्रजापति, आशा कार्यकर्ता सुनीता देवी, रीता प्रजापति आदि शामिल रहे। जांच के लिए केवल एक सरल फिंगर प्रिक (उंगली में सुई चुभोकर रक्त सैंपल) लिया गया। जो पूरी तरह सुरक्षित और बच्चों के अनुकूल वातावरण में किया गया।

पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ का हुआ त्रैवार्षिक अधिवेशन

जौनपुर। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई बक्सा का त्रैवार्षिक अधिवेशन /निर्वाचन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कंपोजिट विद्यालय विशेषपुर के प्रांगण में संपन्न हुआ। जिसमें सभी पदों पर एक-एक नामांकन हुआ जिससे सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डा. अतुल प्रकाश यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर लालसाहेब यादव, नरेंद्र कुमार यादव, सुशील यादव, अवनीश यादव, संजय सिंह, रामनयन यादव, सौरभ श्रीवास्तव, मदनलाल, नीरज, विशाल यादव, धर्मेंद्र मौर्या, इंद्र बहादुर यादव, राजेश यादव, ओम प्रकाश, राहुल आदि मौजूद रहे।

कुंड में डूबने से युवक की मौत

जौनपुर। लाइन बाजार क्षेत्र के शीतला चौकियां धाम मन्दिर के बगल स्थित तालाब में रविवार की सुबह एक विक्षिप्त युवक की डूबने से मौत हो गई। यह जानकारी होते ही लोगों की भारी भीड़ तालाब के पास उमड़ पड़ी। जानकारी के अनुसार शीतला चौकियां छेत्र के रामपुर नेवादा निवासी चंदा हरिजन पुत्र मृतक साहिल हरिजन 19 वर्ष जिसकी मानसिक स्थिति काफी दिनों से खराब थी रविवार की सुबह तालाब में लगे सुरक्षा रेलिंग के अन्दर गहरे पानी में नहाने चला गया जिसकी डूबने से मौत हो गई। युवक की डूबने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस कर्मियों ने परिजन को सूचित कर गोताखोर की मदद से डूबे युवक की लाश को बाहर निकालकर पंचनामाभर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हमें भारतीय सेनाओं के पराक्रम पर गर्व है : प्रमोद बरनवाल

जौनपुर। कश्मीर के पहलगाम घटना के बाद केन्द्र सरकार द्वारा आतंकवादियों के सफाया हेतु चलाये गये आपरेशन सिन्दूर के सफल होने एवं मां भारती के वीर जवानों के पराक्रम के सम्मान में रविवार को देर शाम नगर पंचायत जफराबाद के पूर्व चेयरमैन प्रमोद बरनवाल के नेतृत्व में शौर्य भारत तिरंगा यात्रा निकाली गई। उक्त तिरंगा यात्रा जफराबाद-धर्मापुर तिराहा से शुरू होकर जफराबाद मुख्य बाजार होते हुए रसूलाबाद स्थित शीतला माता मंदिर के पर पहुंच कर समाप्त हुआ। इस शौर्य तिरंगा यात्रा में नगर पंचायत जफराबाद एवं आसपास के लोगों ने बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लिया और भारत मां के जयकारे लगाये। इस अवसर शिवम बरनवाल, राजेश गुप्ता, किशन बरनवाल, सुजीत माली, बृजनन्दन स्वरूप, गुलाब चन्द मधुकर माली, रौनक बरनवाल, राजकेशर एडवोकेट, अरविन्द, प्रदीप सेठ, सोनू, सुग्गुन अग्रहरि, रौनक बरनवाल, अंकुश मोदनवाल, अनिल गिरी, तारामाली, अजय मौर्य, अप्पू मिश्रा दीपांशु बरनवाल सहित भारी संख्या में उपस्थित रहे।

डा. प्रदीप सिंह आठवीं बार चुने गए ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष

विजय भान यादव जिला मंत्री एवं रणजीत सिंह प्रांतीय प्रतिनिधि निर्वाचित

डा. प्रदीप सिंह का स्वागत करते कर्मचारीगण।

जौनपुर। उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं जनपद कार्यकारिणी का गठन विकास भवन सभागार में संपन्न हुआ। डा. प्रदीप सिंह लगातार आठवीं बार निर्विरोध जिलाध्यक्ष एवं विजय भान यादव निर्विरोध जिला मंत्री पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किए गए। अधिवेशन के पर्यवेक्षक संरक्षक राम अवतार यादव एवं ओंकारनाथ मिश्र संयुक्त रूप से रहे। आज अधिवेशन में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वप्रथम कर्मचारियों के मसीहा स्व. बीएन सिंह की 26वीं पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया।

द्वितीय सत्र में जनपद कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया जिसमें रणजीत सिंह प्रांतीय प्रतिनिधि, नागेंद्र कुमार यादव एवं डा. अजीत प्रताप सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संतोष दूबे, संजय यादव, विश्राम बिन्द, राजकुमार पांडेय, मनोज कुमार यादव, अजय मिश्रा, जयप्रकाश मौर्य उपाध्यक्ष, राम आसरे मौर्य कोषाध्यक्ष, विनय कुमार यादव, अजीत कुमार, अनूप सिंह संगठन मंत्री, निशा यादव, सिम्मी सिंह, मो. आसिफ अंसारी, पुरुषार्थ यादव, शुभम श्रीवास्तव संयुक्त मंत्री, दिनेश राजभर सम्प्रेक्षक तथा महेश तिवारी एवं मटरू राम मीडिया प्रभारी निर्विरोध निर्वाचित हुये। निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ संरक्षक सेवानिवृत्त सहायक विकास अधिकारी पंचायत ओंकार नाथ मिश्र ने दिलायी। शपथ ग्रहण के पश्चात पूरे जनपद के विभिन्न विकास खंडों से आये ग्राम पंचायत अधिकारियों ने निर्वाचित पदाधिकारियों को फूल मालाओं से विभूषित करते हुए सांगठनिक जयघोष के नारे लगाते हुए माहौल को खुशनुमा कर दिया। लगातार आठवीं बार ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के निर्विरोध निर्वाचित जिला अध्यक्ष डा. प्रदीप सिंह जो वर्तमान में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के भी अध्यक्ष हैं ने जनपद के समस्त सचिवों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान संघर्ष वर्ष में पुरानी पेंशन बहाली, निजीकरण को खत्म करने सहित विभिन्न विभागीय समस्याओं के निस्तारण हेतु समर्पित भाव से हम लोग जनपद से लेकर प्रदेश तक लक्ष्य प्राप्त होने तक संघर्ष करते रहेंगे।

चार के खिलाफ एससीएसटी के तहत मुकदमा दर्ज

बक्शा। स्थानीय पुलिस ने पति की पिटाई मामले में एक नामजद सहित कुल चार लोगों के खिलाफ एससीएसटी के तहत मामला दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव निवासिनी पायल गौतम ने दर्ज कराए मुकदमे में आरोप लगाई है कि मेरे पति मान सिंह शादी विवाह में कैमरा चलाने का कार्य करते है। बीते 16 मई की रात्रि डेढ़ बजे एक हल्दी रस्म से होकर घर आ रहे थे रास्ते में मुस्तफाबाद पावर हाउस के पास चार लोग जो मुंह बांधे हुए थे लाठी डंडे से घेर कर हमला बोल पिटाई शुरू कर दिए। उक्त लोग जाति सूचक शब्दों से गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। उसी दौरान एक व्यक्ति का मुंह में बंधा गमझा खुल गया जो रवि प्रजापति निवासी मुस्तफाबाद दिखा। पुलिस ने घायल का मेडिकल करवाते हुए मुकदमा दर्ज करवाया है।

प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

जौनपुर। मुफ्तीगंज क्षेत्र के ग्राम सभा हनुआडीह में एडवोकेट नम: नाथ शर्मा के बरामदे में रविवार को मेधावी छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें उस गांव के होनहार छात्र छात्राओं एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ज्येष्ठ उप ब्लॉकप्रमुख ए एच अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को गुरुजन इल्म की रोशनी से नहलाएं और उन्हें एक अच्छा इंसान बनाएं जिससे वह बालक अपनी प्रतिभा से गांव ,जिला एवं देश का नाम रौशन करेगा उसे संस्कारित शिक्षा से मानवता का पाठ पढ़ाएं जिससे वह आगे चलकर आईएएस, आईपीएस, बनकर देश की सेवा करे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सदा नन्द राय एवं संचालन छोटेलाल मास्टर ने किया। अंत में आयोजक एडवोकेट नम: नाथ शर्मा ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का समय देने हेतु आभार प्रकट किया।

स्व0 बीएन सिंह की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

जौनपुर। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की अगुवाई मे जनपद अध्यक्ष सीबी सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट् परिसर में स्थित पेंशनर्स सभा कक्ष में श्रद्धांजलि सभा की गई। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष सीबी सिंह ने कर्मचारी समाज के मसीहा स्व0 बीएन सिंह के संघर्षों को स्मरण करते हुए केंद्रीय एवं प्रान्तीय कर्मचारियों पेन्शनर्स के महगाई भत्ता की समानता के लिए वर्ष 1966 के संघर्ष एवं केंद्रीय कर्मचारियों के समान राज्य कर्मचारियो को बेतन की समानता के लिए वर्ष 1986 तथा दो प्रोन्नत बेतन मान के लिए वर्ष 1994-95 मे किए गए संघर्ष में लम्बे समय तक हड़ताल के पश्चात प्राप्त होने का स्मरण कर श्रध्दांजलि अर्पित करते हुए स्व0 बीएन सिंह के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लेने का आह्वान किया। सभा को संबोधित करते हुए ग्राम्य विकास मिनिस्ट्रीयल उत्तर प्रदेश के प्रान्तीय उपाध्यक्ष शैलेन्द्र विक्रम सिंह बरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने अपने सम्बोधन मे कर्म चारी हितों के लिए स्व0 बीएन सिंह के संघर्ष को याद करते हुए दो प्रोन्नत बेतन मान की मांग के आन्दोलन मे स्वयं इक्यावन दिन की जेल यात्रा का संस्मरण सुनाते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किए।

श्रद्धांजलि सभा को मुख्य रूप से ओंकारनाथ मिश्र, नरेंद्र कुमार त्रिपाठी, रामअवध लाल, केके तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजबली यादव, संप्रेक्षक रामश्रय रजक, कंचन सिंह, शम्भूनाथ यादव, आदेश कुमार, कलीम, आदि ने सम्बोधित करते हुए स्व0 वीएन सिंह के संघर्ष को याद कर उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प व्यक्त किया। सभा में बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए। अन्त में संगठन के पूर्व उपाध्यक्ष स्व0 जितेंद्रकुमार तिवारी के असामयिक निधन पर शोक प्रकट करते हुए दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर सभा समाप्त की गयी। श्रद्धांजलि सभा का संचालन जिलामन्त्री कृपाशंकर उपाध्याय ने किया।

संत रामपाल महराज के सानिध्य में हुआ दहेज रहित विवाह

जौनपुर। अब सच होगा सपना दहेज मुक्त भारत अपना। ऐसा ही कार्यक्रम रविवार को शहर के मां शीतला पैलेस प्रसाद कालेज के सामने में विशाल सत्संग का आयोजन एलईडी के माध्यम से संत रामपाल महाराज के शिष्यों द्वारा किया गया। जिसमें एक जोड़ी का विवाह जिसे संत भाषा में रमैणी कहते है। सकुशल संपन्न हुआ जो वर्तमान समय के परिवेश में समाज के लिए आईना है। एक ऐसा अनोखा विवाह जिसमें न बैन्डबाजा न बाराती न डीजे न नाचना गाना पुरा सादगी के साथ बिना तामझाम और आडम्बर व चमक-दमक व दहेज रहित शादी मात्र 17 मिनट में बह्मांड के सभीप्रकार के देवी देवता ऋषिमुनियों का आहवान के साथ गुरुवाणी के माध्यम से हुआ ऐसा विवाह हुआ। जिसमें किसी प्रकार का कोई लेन-देन नहीं हुआ। ऐसा संत रामपाल जी महराज के आदेश अनुसार उनके शिष्यों द्वारा किया जाता है जबकि। वर्तमान समय में ऐसे कार्यक्रम में समाज में लाखों व करोड़ों खर्च करते हैं वहीं संत जी के अनुयायियों द्वारा पूरी सादगी के साथ व आडंबर व चमक-दमक रहित बिना दहेज के विवाह कर रहे हैं।

चंदौली में दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

जौनपुर। शहीद दुर्गेश कुमार सिंह को उनके पैतृक गांव ग्राम उकनी थाना सकलडीहा जनपद चंदौली में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अदम्य साहस को नमन किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जौनपुर, पुलिस अधीक्षक चन्दौली अन्य पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगण व परिजन उपस्थित रहे।

हार्ट के मरीज हीट वेव से बचे : डा. नीरज प्रकाश सिंह

चिकित्सा शिविर में मरीज देखते डा. नीरज प्रकाश।

जौनपुर। हृदय रोग संस्थान कानपुर के प्रख्यात हार्ट सर्जन एवं राजकीय कानपुर मेडिकल कॉलेज के हृदय रोग विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डा. नीरज प्रकाश सिंह ने कहा है कि इस समय भयंकर गर्मी पड़ रही है हार्ट के मरीज हीठ वेव से पूरी तरह से बचे।

इस समस्या की चपेट में आने से डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। शूगर वाले मरीजों के शरीर मे पानी कमी हो सकती है उनका शरीर शिथिल पड़ सकता है फीवर हो सकता है। एक सवाल के जबाब में उन्होंने बताया कि आजकल हार्ट अटैक के मामले बढ़ते जा रही है। अचानक हार्ट फेल हो जाता है या मरीज सोते समय ही हृदय गति रूकने से मृत हो जाता है। इसके लिए 40 साल की आयु के बाद चेकअप कराते रहना चाहिए। हृदय के मांस पेशियों की बीमारी हो सकती है कमजोरी महसूस होता है, घबराहट की समस्या बढ जाती है। ऐसा प्राय: अनुवाशिक कारणों से होता है यदि पिता अथवा परिवार के अन्य व्यक्ति का अचानक हार्ट फेल हुआ है तो ऐसा होने की संभावना अधिक रहती है। खान पान का ध्यान रखना चाहिए। कम नमक चीनी का प्रयोग करना चाहिए। चिकित्सक की सलाह पर उचित दवाये लेना चाहिए। शूगर और ब्लड प्रेषर नियत्रिंत रखना चाहिए। हार्ट के मरीजों को आनाज के सेवन कम करना चाहिए, तेल और मशाला से परहेज करते हुए फल, सब्जी और सलाद अधिक मात्रा में लेना चाहिए। वे रविवार को नगर के एमएस पैरामेडिकल कालेज पालिटेकनिक चौराहा इलाहाबाद रोड पंजाब बैक के बगल में भारत समाज विकास ट्रस्ट द्वारा आयोजित नि:शुल्क हृदय रोग के जांच शिविर के दौरान बड़ी संख्या में एकत्रित रोगियों को सम्बोधित कर रहे थे। चर्चा के दौरान कहा कि यदि किसी को सीढ़ी चढ़ने में सांस अधिक फूलती है पसीना आता है, रात को नीद नहीं आती, सीने में दर्द होता है तो ब्लड प्रेशर और इसीजी कराकर डाक्टर को दिखाये। हार्ट के पेशेन्ट गर्मी में खास सावधानी बरते, हीट स्ट्रोक से बचे। तेज गमी में धूप में न निकले। शिविर में प्रोफेसर डा0 नीरज प्रकाश सिंह ने कुल 92 मरीज देखे और परामर्श दिया गया। हार्ट सर्जरी में गोल्ड मैडलिस्ट सर्जन ने शिविर में मेडिकल कालेज कानपुर से आपरेशन करा कर ओपेन हार्ट सर्जरी से जुड़े पुराने चार दर्जन से अधिक केस भी देखा। इस अवसर पर नि:शुल्क इसीजी, आवश्यक खून की जांच गयी तथा दवायें वितरित की गयी। ट्रस्ट के पदाधिकारी ने बताया कि यह शिविर हर माह के दूसरे रविवार को निरन्तर लगता रहेगा।

तरुणमित्र

सोमवार, 19 मई 2025

संवत- 2081, ज्येष्ठ शुक्ल कृष्ण.- 07

बर्बादी पर जश्न

पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान को करारा जवाब देने के बाद पाकिस्तान ने दुनिया भर में अपनी जीत का दावा प्रस्तुत किया है एवं दुनिया के अखबारों में धनराशि देकर जीत का जश्न मनाते हुए समाचार फैलाया है जो कि सरासर झूठ एवं छलावा मात्र है। भारत सरकार ने दुनिया भर में पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए एक कूटनीति अभियान जारी किया है इसके अंतर्गत देश के विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों को एवं उनके प्रतिनिधिमंडल को दुनिया भर के अलग-अलग देश में भेजा जाएगा। देश की विपक्षी दलों कांग्रेस सहित अन्य मुख्य दलों ने इस प्रतिनिधि मंडल भेजने में अपनी सहमति जाहिर की है। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजु इस अभियान के सरकार की तरफ से समन्वयक होंगे। संसदीय कार्य मंत्री ने सभी विपक्षी दलों से बातचीत कर सहमति हासिल की है न्यूज़ एजेंसी के अनुसार इसका मुख्य उद्देश्य विश्व भर के अग्रणी नेताओं, राष्ट्र प्रमुखों को भारत एवं पाकिस्तान के बीच वर्तमान के तनाव से अवगत कराना है इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल के सदस्य पाकिस्तान द्वारा आतंकवादी गतिविधियों को फैलाने की करतूत को भी दुनिया के सामने रखकर उसकी असलियत उजागर करेंगे।

संभवत या अभियान 22 में से प्रारंभ होने जा रहा है जिसमें भाजपा के समर्थक दलों सहित कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके, एनसीपी, जेडीयू, बीजेडी माकपा आदि प्रमुख दलों के सांसद शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि इस बड़े संसदीय सदस्यों के दल विश्व में अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, दक्षिण अफ्रीका, कतर, यूएई जैसे प्रमुख देशों का दौरा कर पाकिस्तान द्वारा फैलाई जा रहे झूठे नॅरेटिव को बेनकाब करने की योजना के तहत अभियान चलाएंगे। इन देशों की यात्रा करने वाले सदस्यों की संख्या 30 तथा 30 से ज्यादा भी हो सकती है जिसमें प्रमुख रूप से शरद पवार की बिटिया सुप्रिया सुले, शशि थरूर ओवैसी रवि शंकर प्रसाद अनुराग ठाकुर सुप्रिया श्रीनेत् श्रीकांत शिंदे एवं अन्य प्रमुख सांसद जिनमें पूर्व मंत्री अनुराग ठाकुर, उड़ीसा की सांसद अपराजिता सारंगी शामिल हो सकती हैं। कांग्रेस की तरफ से मनीष तिवारी, सलमान खुर्शीद को शामिल किया जा सकता है। वहीं जेडीयू के सांसद संजय झा,बीजद के सांसद संबित पात्रा, डीएमके की संसद कानी मोझी भी शामिल हो सकती है। इस कूटनीतिक अभियान में सांसदों के साथ विदेश मंत्रालय के कुछ अधिकारी भी साथ में होंगे।

उल्लेखनीय है कि भारत के विरुद्ध पाकिस्तान लगातार पिछले 75 वर्षों से आतंकवादी गतिविधियों में शामिल रहा है और हजारों की संख्या में निर्दोष भारतीय नागरिकों की की हत्याएं भी की है। पाकिस्तान स्वतंत्रता के बाद से आतंकवादी गतिविधियों में शामिल रहा है और आतंकवादियों को अपने देश में पनाह देता आया है। वर्तमान में पाकिस्तान की की फौज न सिर्फ आतंकवादियों को संरक्षण देती है बल्कि उनको प्रशिक्षण भी प्रदान करती है ।न्यूज एजेंसियों का दावा है कि पाकिस्तान स्वतंत्रता के बाद से ही आतंकवादी गतिविधियों में शामिल है ऐसे में भारत सरकार तथा भारतीय फौज ने ऑपरेशन सिंदूर चला कर लगभग 9,10 दुर्दांत आतंकवादियों समेत अन्य 100 आतंकवादियों का सफाया किया एवं पाकिस्तान के लगभग 11 एयरबस कैंपों को ध्वस्त कर दिया है। ईतनी बड़ी हार के बाद पाकिस्तान झूठा जीत का जश्न मना कर पूरी दुनिया में भारत के खिलाफ झूठी खबरें फैला रहा है।

...आज का दिन...

मेष- अनुकूलता की स्थिति, राजनीतिक लाभ लेने हेतु प्रयत्नशील, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, नवसार्थक उपयोगी, वरिष्ठजनों की सलाह अमान्य, धनागम भी।

वृषभ- चिरवांछित कार्य प्रगति पर, किसी योजना का सुपरिणाम प्राप्त, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, अध्यावसाय की ओर रुझान, आनन्द की अनुभूति।

मिथुन- कठिनाइयों से अशांति, स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, कार्यक्षमता में कमी, धोखे की आशंका, उलझनें प्रभावी, आलस्य की अधिकता, अकेलेपन की अनुभूति, धनहानि।

कर्क- आर्थिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, आकस्मिक लाभ का सुयोग, नवसमाचार की प्राप्ति, निराशा का समापन, विशिष्टजनों से सम्पर्क, सुखशांति।

सिंह- व्यवसाय में विस्तार, योजना साकार होने की ओर, मनोवांछित सफलता, पारिवारिक सौहार्द, प्रेम सम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता, धर्म के प्रति आस्था।

कन्या- आशाएं फलीभूत, कार्यों में प्रगति का सिलसिला, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, भौतिक सुख के साधन उपलब्ध, परोपकार की भावना जागृत, संत समागम।

तुला- कार्यों में व्यवधान, भौतिक सुख में कमी, आर्थिक लेन-देन में नुकसान, विरोधी हानि पहुँचाने की कोशिश में, किसी से विश्वासघात की आशंका, दुर्घटना संभव।

वृश्चिक- नवयोजना दृष्टिगत, अभिलाषा की पूर्ति का अवसर, आशानुकूल घटनाएं घटित, संतान पक्ष से चिन्ताएं कुछ कम, स्वयं का निर्णय हितकर, पठन-पाठन में रुचि।

धनु- आर्थिक पक्ष बेहतर, दूसरों के आश्वासनों से राहत, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुयोग, वरिष्ठजनों की सलाह मान्य, सुख के आवश्यक साधन सुलभ।

मकर- आशा के अनुकूल घटना घटित, प्रियजनों-मित्रों से अपेक्षित सहयोग, व्यापारिक क्षेत्र में प्रगति, जटिल समस्याओं का समाधान, महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल।

कुम्भ- समय आशा के विपरीत, संकल्प विकल्प से सफलता में संदेह, व्यक्तिगत समस्याओं से परेशानी, कर्ज की अदायगी न होने से अशांति, शिक्षा-प्रतियोगिता में निराशा।

मीन- विचारित कार्यों में प्रगति, बौद्धिक क्षमता में वृद्धि, सामाजिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, वैवाहिक जीवन में मधुरता, भोग-विलासिता की ओर रुझान।

-: श्री विमल जैन :-

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722

नया मुल्क बलूचिस्तान : कितना कठिन कितना आसान

- मुकेश कबीर -

आखिरकार पाकिस्तान के प्रांत बलूचिस्तान ने अपनी आजादी की घोषणा कर दी और अब उसने भारत सहित यूएनओ से स्वतंत्र राष्ट्र के रुप में मान्यता देने की गुहार भी लगाई है। बलूचिस्तान बीते कई वर्षों से पाकिस्तान के जुल्म और शोषण का विरोध करते हुए आजादी की लड़ाई लड़ रहा है। वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में बलूचिस्तान का एक अलग देश के रूप में मान्यता प्राप्त करना इतना आसान नहीं लगता जितनी आसानी से बांग्लादेश बन गया था। असल में बांग्लादेश का उदाहरण देखकर ही बलूचिस्तान सबसे ज्यादा उम्मीदें भारत से रखता है लेकिन बांग्लादेश और बलूचिस्तान में बहुत फर्क है। बांग्लादेश के अलग देश बनने में पाकिस्तान के अलावा किसी अन्य देश को आपत्ति नहीं थी जबकि बलूचिस्तान के मामले में सबका समर्थन मिलना आसान नहीं है। आज यदि भारत मान्यता दे भी दे तो भी बलूचिस्तान अलग राष्ट्र नहीं बन पाएगा।

किसी भी स्वतंत्र राष्ट्र के लिए संयुक्त राष्ट्र में मान्यता मिलना जरूरी है। आज संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देश एकतरफा बलूचिस्तान के साथ तो दिखाई नहीं दे रहे हैं। खासकर चीन और अमेरिका के हित पाकिस्तान से जुड़े हुए हैं इसलिए चीन तो बलूचिस्तान को मान्यता देना ही नहीं चाहता और अमेरिका दुविधा में है। अमेरिका ईरान में तो बलूचिस्तान का समर्थन करता है लेकिन इधर पाकिस्तान की उपेक्षा नहीं करना चाहता। इसलिए अमेरिका का रुख पूरी तरह साफ नहीं है। अलग देश की मान्यता के लिए सुरक्षा परिषद के सदस्यों का दो तिहाई बहुमत मिलना जरूरी है, अभी सिर्फ रूस और फ्रांस से ही बलूचिस्तान समर्थन की उम्मीद कर सकता है। इस स्थिति में चीन बलूचिस्तान के खिलाफ वीटो करेगा यह साफ दिखाई देता है।

चीन को अपने इकोनॉमिक कोरिडोर के लिए बलूचिस्तान की बहुत जरूरत है और अभी पाकिस्तान की सहमति और सहयोग से ही चीन की पहुंच बलूचिस्तान तक बनी हुई है। बलूचिस्तान के पाकिस्तान से अलग होते ही उसका इकोनॉमिक कोरिडोर का सपना हमेशा के लिए टूट जाएगा और तब चीन बलूचिस्तान को एक और ताइवान नहीं बना सकेगा। चीन के वीटो के चलते ब्रिटेन और अमेरिका पर बलूचिस्तान की निर्भरता बढ़ेगी लेकिन यह दोनों देश अभी तक अनिर्णय की स्थिति में दिखाई देते हैं। इसका मतलब है कि फिलहाल पांच में से तीन देश अभी बलूचिस्तान के पक्ष में नहीं लगते इसलिए मान्यता का मामला टल सकता है।

अंतर्राष्ट्रीय नियमानुसार बलूचिस्तान को स्वायत्तता की गारंटी मिलने की संभावना तो है क्योंकि जब कोई देश अपनी आजादी की घोषणा करता है तो उसको स्वायत्तता की गारंटी मिल जाती है। जैसे कोसोवो को मिली हुई है, कोसोवो को सर्बिया से अलग हुए काफी समय हो चुका है फिर भी कोसोवो को एक स्वतंत्र देश की मान्यता नहीं मिल सकी लेकिन उसे स्वायत्तता की गारंटी मिल चुकी है इसलिए सर्बिया उसके ऊपर हमला नहीं कर सकता, उसको जबर्दस्ती फिर से हासिल नहीं कर सकता लेकिन बलूचिस्तान इस मामले में भी बदकिस्मत है। पाकिस्तान और सर्बिया में बहुत फर्क है। पाकिस्तान अपने स्वार्थ के लिए नियमों को दरकिनार करने की बीमारी से पीड़ित है और दूसरा पाकिस्तान की बदसलूकी को अमेरिका भी पर्दे के पीछे से सपोर्ट कर देता है और चीन तो प्रत्यक्ष सपोर्ट करता ही है इसलिए पाकिस्तान आसानी से बलूचिस्तान को छोड़ने वाला नहीं है। संभावना तो यह है कि अब पाकिस्तान बलूचों से बदला लेने की पूरी कोशिश करेगा, इसलिए अब बलूचों पर अत्याचार भी बढ़ सकते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बलूच विद्रोह ने पाकिस्तान को दोहरी मुश्किल में डाला था। बलूच धरती पाकिस्तान की सबसे बड़ी ताकत है खासकर आर्थिक नजरिए से। बलूचिस्तान की खदानें पाकिस्तान की रीढ़ हैं,बलूचिस्तान अलग होते ही पाकिस्तान बहुत ज्यादा कमजोर हो जाएगा। बांग्लादेश बनने से पाकिस्तान इतना कमजोर नहीं हुआ होगा जितना बलूचिस्तान के अलग होने से होगा। इसलिए पाकिस्तान किसी भी हालत में बलूचिस्तान को हाथ से नहीं जाने देगा।

यही कारण है कि पाक सेना के रावलपिंडी हेडक्वार्टर में बलूच आंदोलन को दबाने की तैयारी भी होने लगी है। पाकिस्तान के स्वभाव और वर्तमान हालात को देखते हुए लगता है कि इस बार बलूचों पर जरूरत से ज्यादा अत्याचार होने वाला है।पाकिस्तान अब हमेशा के लिए बलूचियों को कुचलना चाहेगा, वह पहले भी ऐसा करता रहा है। सत्तर के दशक में भी पांच हजार बलूच विद्रोहियों को पाकिस्तान ने मार दिया था। इस बार पाकिस्तान ज्यादा घातक हमला करेगा। उस स्थिति में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाएगी। कम से कम स्वायत्तता की गारंटी के नियम को बचाने के लिए। यदि संयुक्त राष्ट्र बलूचिस्तान को स्वायत्त देश बनाकर भी रख सके तो यह बलूचियों की बहुत बड़ी जीत होगी। फिर आज नहीं तो कल बलूचिस्तान बन ही जाएगा। जहां तक भारत का सवाल है तो बलूचिस्तान सबसे पहले भारत से मान्यता चाहता है। बलूचिस्तान भारत को अपनी अंतराष्ट्रीय आवाज मानता है और जैसे भारत ने बांग्लादेश बनाया वैसी ही अपेक्षा अपने लिए करता है। लेकिन वर्तमान में भारत के लिए बांग्लादेश की तरह बलूचिस्तान बनाना बहुत मुश्किल होगा। पहले तो भारत की दखल देने की नीति भंग होगी और दूसरी ओर कश्मीर पर भी भारत का पक्ष कमजोर होगा। आज भारत का फोकस बलूचिस्तान नहीं पीओके पर है इसलिए भी भारत बलूचिस्तान का उतना खुलकर सपोर्ट नहीं करेगा जितना बांग्लादेश का किया था। जहां तक मान्यता देने का सवाल है तो भारत को जितना जल्दी हो सके बलूचिस्तान को मान्यता देने पर विचार करना चाहिए क्योंकि बलूचिस्तान का अलग होना भारत के लिए सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होगा। बलूचिस्तान में चीन का वर्चस्व बढ़ते ही भारत के लिए ज्यादा मुश्किलें खड़ी होंगी। इन परिस्थितियों में अब देखना यही है कि भारत मान्यता देता है या नहीं। वैसे भारत अभी आधा अधूरा कदम नहीं उठाना चाहेगा क्योंकि केवल भारत के मान्यता देने से ही बलूचिस्तान नहीं बनेगा उसको संयुक्त राष्ट्र से भी मान्यता लेना होगी।

यही कारण है कि भारत गंभीरता पूर्वक विचार करने के बाद ही बलूचिस्तान को मान्यता देगा। बलूचिस्तान फिर भी यही चाहता है कि भारत उसे सबसे पहले मान्यता दे क्योंकि वह भारत की अंतर्राष्ट्रीय ताकत जानता है और उसे काफी सालों से भारत का समर्थन मिलता भी रहा है। साथ ही बलूचिस्तान अपने देश में हिंदुओं को भी बहुत सुरक्षा प्रदान करता है इसलिए उसे भारत की सरकार से ज्यादा उम्मीदें भी हैं। वैसे दक्षिण एशिया की शांति के लिए बलूचिस्तान का निर्माण बहुत जरूरी है इसलिए इसका नए देश के रूप स्वागत किया जाना चाहिए।

(विभूति फीचर्स)

अब भारतीय व्यापारी सिखाएंगे तुर्की और अजरबैजान को सबक

- मनोज कुमार अग्रवाल -

पाकिस्तान की ओर से ड्रोन हमले में सक्रिय भूमिका निभाकर तुर्की ने भारत के अहसानों का बदला बेवफाई और अहसान फरामोशी से चुकाया है। हाल ही में भारत सरकार के आपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्की ने पाक को ड्रोन की खेप देकर जिस तरह पाकिस्तान का साथ दिया, इससे समूचा भारतीय समाज उद्वेलित हुआ है।

14 वीं शताब्दी से भारत और तुर्की के बीच दोस्ताना ताल्लुकात रहे हैं। तुर्की में भूकंप की आपदा के समय भारत ने सबसे आगे बढ़ कर तुर्की की सहायता की लेकिन तुर्की हद दर्जे का बेईमान और अहसान फरामोश निकला। आपरेशन सिंदूर के जबाव में तुर्की और चीन निर्मित ड्रोनों का भरपूर इस्तेमाल पाकिस्तान ने भारत पर हमले के लिए किया लेकिन भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने उन सभी ड्रोनों और मिसाइलों की हवा निकाल दी। अभी भी पाकिस्तान द्वारा दागी गईं चीनी और तुर्की की मिसाइलों और ड्रोनों के नष्ट टुकड़े भारत में मौजूद हैं। दावा यह भी है कि तुर्की के प्रशिक्षित लोगों ने पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के जरिए भारत पर हमला किया और दो तुर्की भारत की कार्रवाई में मारे भी गए। हालांकि, भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर हो गया है लेकिन चीन और तुर्की के अलावा एक और देश अजरबैजान का चेहरा भी बेनकाब हो गया है, जिसने मजहबी भाईजान बनकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। इन देशों की अर्थव्यवस्था में भारत का बड़ा योगदान है। चीन जहां भारत में अपना सस्ता माल बेचकर बड़ी कमाई करता है, वहीं तुर्की और अजरबैजान भारतीय पर्यटकों से भारीभरकम माल ऐंठते है। यानी ये देश कमाई भारत से करते हैं लेकिन उसका इस्तेमाल भारत के खिलाफ कर रहे हैं। ऐसे में भारतीयों ने अब इनका विरोध करना शुरू कर दिया है। व्यापारियों के संगठन, कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स(कैट) ने भी भारतीय व्यापारियों और नागरिकों से मौजूदा शत्रुता के बीच पाकिस्तान का खुला समर्थन करने के जवाब में तुर्की और अजरबैजान की यात्रा का पूरी तरह से बहिष्कार करने का आह्वान किया है।

पाकिस्तान का साथ देना तुर्की को भारी पड़ता नजर आ रहा है। भारत में बायकॉट तुर्किए की मुहिम तेज हो गई है और इसका असर भी दिखने लगा है। एक ओर जहां व्यापारियों ने तुर्की सेव का बहिष्कार शुरू किया है, तो ट्रैवल प्लेटफॉर्मों ने तुर्की, अजरबैजान की यात्रा न करने की अपील की है। भारत के जानेमाने विश्वविद्यालय जेएनयू ने भी तुर्की के साथ शैक्षिक सहयोग बंद करने का फैसला किया है। 2024 में तुर्की में करीब 62.2 मिलियन विदेशी पर्यटक आए, जिनमें से करीब तीन लाख पर्यटक अकेले भारत से आए। यह 2023 की तुलना में भारतीय पर्यटकों में 20.7 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। व्यापारिक निकाय ने कहा कि तुर्की का कुल पर्यटन राजस्व 61.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा, जिसमें प्रत्येक भारतीय पर्यटक औसतन 972 अमेरिकी डॉलर खर्च करता है, जो कुल अनुमानित भारतीय व्यय 291.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर है।

अगर भारतीय पर्यटक तुर्की का बहिष्कार करते हैं, तो तुर्की को लगभग 291.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष नुकसान हो सकता है। इसके अलावा, भारतीय शादियों, कॉर्पोरेट कार्यक्रमों और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के रद्द होने से अप्रत्यक्ष रूप से आर्थिक नुकसान और भी अधिक होगा। तुर्की ने भारत के खिलाफ अपना रंग तब दिखाया है, जब दो साल पहले ही वहां विनाशकारी भूकंप के दौरान भारत ने दिल खोलकर उसकी मदद की थी। तुर्की की जीडीपी में पर्यटन का योगदान 12 फीसदी है। अज़रबैजान के बारे में भी आंकड़े बता रहे हैं कि 2024 में देश में लगभग 2.6 मिलियन विदेशी पर्यटक आए, जिनमें से लगभग ढ़ाई लाख भारतीय थे। एक भारतीय पर्यटक द्वारा औसत खर्च लगभग 1,276 अमेरिकी डॉलर है, जिससे कुल भारतीय योगदान लगभग 308.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। इसलिए भारतीय पर्यटकों द्वारा बहिष्कार से इस धनराशि का सीधा नुकसान हो सकता है। चूंकि भारतीय यात्री मुख्य रूप से छुट्टियों, शादियों, मनोरंजन और साहसिक गतिविधियों के लिए अज़रबैजान जाते हैं, इसलिए बड़े पैमाने पर गिरावट इन क्षेत्रों में उल्लेखनीय आर्थिक मंदी का कारण बन सकती है। यह आर्थिक दबाव तुर्की और अज़रबैजान दोनों को भारत के प्रति अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर कर सकता है। इसके परिणामस्वरूप सांस्कृतिक आदान-प्रदान में कमी आएगी और तुर्की और अजरबैजान दोनों देशों में स्थानीय व्यवसायों जैसे होटल, रेस्तरां, टूर ऑपरेटर और अन्य पर्यटन-संबंधी सेवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। अज़रबैजान की जीडीपी में पर्यटन का योगदान 10 फीसदी है।

भारत में जबरदस्त गुस्सा देखने को मिल रहा है और बायकॉट तुर्किए मुहिम तेज हो गई है। इसका असर भी दिखा है, जहां व्यापारियों ने तुर्की से सेब खरीदना बंद कर दिया है, तो काफी हद तक पर्यटन पर निर्भर तुर्की के लिए कई ट्रैवल एजेंसियों ने भी ट्रैवल पैकेज रद्द कर दिए हैं। ट्रैवल प्लेटफॉर्म ईजीमायट्रिप ने देश पहले व्यापार बाद में का नारा बुलंद किया है और यात्रियों को पाकिस्तान का समर्थन करने वाले देशों की यात्रा न करने की सलाह दी है। इसी तरह उदयपुर के मार्बल व्यापारियों ने भी तुर्की से मार्बल व्यापार न करने का निर्णय लिया है। गाजियाबाद में भी इंडियन बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) और गाजियाबाद सर्राफा एसोसिएशन ने एक बड़ा निर्णय लेते हुए दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे भारत में तुर्की निर्मित सोने की ज्वेलरी के बहिष्कार की घोषणा कर दी है। भारतीय मार्केट में मौजूद तुर्किए के बड़े-बड़े ब्रांड्स की लिस्ट लंबी है। फर्नीचर से लेकर पर्सनल केयर तक, होम अप्लायंस से लेकर सेब तक बेचे जा रहे हैं। तुर्की कालीन, तुर्किए फर्नीचर, टर्किश चीनी मिट्टी की चीजें, बुना हुआ कपड़ा, सिरेमिक टाइल्स, मार्बल,चेरी, ड्राय फ्रूट्स, ऑलिव ऑयल के लिए भारत एक बड़ा बाजार है। जिस पर बेहद बुरा असर पड़ने की उम्मीद है। भारत और तुर्की के बीच वर्षों से चल रहे व्यापारिक और रणनीतिक संबंध अब खात्मे की ओर चल पड़े हैं।%ऑपरेशन सिंदूर% के बाद केंद्र सरकार ने तुर्की की कंपनियों से जुड़े सभी समझौते और परियोजनाओं की समीक्षा शुरू कर दी है। भारत में निर्माण, मैन्युफैक्चरिंग, एविएशन, मेट्रो रेल और आईटी जैसे क्षेत्रों में सक्रिय तुर्की की कंपनियों की भूमिका को दोबारा परखा जा रहा है। यह कदम तुर्की के कश्मीर मुद्दे पर बार-बार टिप्पणी और पाकिस्तान के साथ उसकी बढ़ती निकटता के मद्देनजर उठाया गया है। जाहिर है आगामी दिनों में तुर्की और अजरबैजान के बहिष्कार से इन दोनों ही देशों को गंभीर आर्थिक नुकसान होगा और यही एक अहसान फरामोश मुल्क को सजा देने की शुरुआत है।

(विनायक फीचर्स)

चंदौली

प्रमुख सचिव ने अस्पतालों में देखी स्वास्थ्य सुविधाएं, गुणवत्तापूर्ण सेवाओं पर दिया जोर

तरूणमित्र न्यूज

चंदौली। उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पार्थ सारथी सेन शर्मा ने आज चंदौली जनपद के पंडित कमलापति त्रिपाठी जिला अस्पताल एवं नौबतपुर स्थित मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित कराने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि मरीजों को सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर निर्धारित मानकों के अनुरूप सेवाएं दी जाएं और मरीजों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को संवेदनशील और सक्रिय रहना चाहिए।

उन्होंने मेडिकल कॉलेज से संबद्ध पंडित कमलापति त्रिपाठी जिला अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन 300 बेड के अतिरिक्त वार्ड का निरीक्षण किया। निर्माणाधीन कार्यों की जांच कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पंडित कमलापति त्रिपाठी जिला अस्पताल में प्रमुख सचिव ने आईसीयू वार्ड, पेसेंट वार्ड, आकस्मिक कक्ष, ओपीडी तथा निर्माणाधीन ऑपरेशन थिएटर सहित अन्य कक्षों का भ्रमण कर सुविधाओं को देखा। साथ ही आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत पर्चा बनाने की प्रक्रिया को मरीजों के लिए सरल और सहज बनाने के निर्देश दिए।

प्रमुख सचिव ने वहां की सेवाओं पर संतोष जताया और इन्हें लगातार बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पार्थ सारथी सेन शर्मा ने नौबतपुर स्थित मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभागार, क्लास, जिम कक्ष, खेल ऑडिटोरियम हाल सहित विभिन कक्ष का भ्रमण किया। उन्होंने एमबीबीएस की पढ़ाई पूरा करने के बाद स्टूडेंट्स से भविष्य की इच्छा जानी साथ ही आवश्यक सुझाव दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी चन्द्र मोहन गर्ग, मुख्य विकास अधिकारी आर जगत साईं, सीएमओ डॉ. वाई के राय, मुख्य अधीक्षक, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. अमित सिंह सहित अन्य मेडिकल कॉलेज के अधिकारी/शिक्षक उपस्थित रहे।

आर्थिक तंगी ने छीनी मानसिक शांति, पत्नी पर हमला कर खुद गंवाई जान

तरूणमित्र न्यूज

नौगढ़, चंदौली। रविवार सुबह नौगढ़ थाना क्षेत्र के औरवाटांड़ गांव में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। आर्थिक तंगी और मानसिक असंतुलन से जूझ रहे बुल्लू राम (50) ने अपनी पत्नी सुगनी देवी (48) पर फावड़ा से हमला कर दिया। हमले में सुगनी देवी के पैर में चोट आई है।

जान बचाकर भाग रही पत्नी को दोबारा मारने के प्रयास में बुल्लू राम खुद फिसल कर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगढ़ और फिर जिला संयुक्त चिकित्सालय चकिया ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता व पूर्व प्रधान रामदीन राम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुल्लू राम की मानसिक स्थिति लंबे समय से खराब थी और पारिवारिक तनाव बना रहता था। प्रभारी थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि पुलिस ने घटना को लेकर इस्तेफाकिया दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, सुगनी देवी का इलाज चल रहा है।

विद्यालय में समर कैंप का भव्य समापन, बच्चों ने वाटर पार्क में उठाया आनंद

तरूणमित्र न्यूज

चकिया, चंदौली। एस.आर.वी.एस. सी.बी.एस.ई. विद्यालय, सिकन्दरपुर में 15 मई 2025 से आयोजित चार दिवसीय समर कैंप का समापन 18 मई को हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस समर कैंप में छात्रों को मनोरंजन और शारीरिक गतिविधियों से परिपूर्ण विभिन्न रोचक कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिला। पहले तीन दिनों में बच्चों के लिए घुड़सवारी, ऊँट की सवारी, स्विमिंग, रेन डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट, एडवेंचर (जिप लाइन, बर्मा ब्रिज), मिनी ओलंपिक सहित कई क्रियात्मक और रोमांचक गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

समर कैंप के अंतिम दिन विद्यार्थियों ने वाटर पार्क में जमकर मस्ती की। इस विशेष दिन में न केवल विद्यालय के छात्र-छात्राएं, बल्कि बाहरी बच्चों ने भी भाग लिया और अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के सहायक प्रबंध निदेशक श्याम सिंह, प्रधानाचार्य संजीव भूषण सिन्हा, सचिव आनन्द प्रताप सिंह, कोऑर्डिनेटर नीलम झा, अदब जहागीर, आकांक्षा सिंह, खुशबू शर्मा एवं एक्टिविटी इंचार्ज स्वेता चौधरी और प्रीति मिश्रा समेत समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

विद्यालय प्रशासन द्वारा बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने के इस प्रयास की सराहना अभिभावकों व समाज के लोगों ने भी की।

पुलिस अधीक्षक ने शहीद मु0आ0 दुर्गेश कुमार सिंह को किया भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित

तरूणमित्र न्यूज

चन्दौली। पुलिस लाइन चन्दौली में शहीद मु0आ0 दुर्गेश कुमार सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चन्दौली आदित्य लांग्हे, क्षेत्राधिकारीगण व अन्य पुलिस अधिकारीगण, पुलिसकर्मी व परिजन उपस्थित रहे।

अधिकारियों व परिजनों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके अदम्य साहस को नमन किया। जनपद जौनपुर के चंदवक थाने पर नियुक्त मु0आ0 दुर्गेश कुमार सिंह निवासी ग्राम उकनी वीरमराय थाना सकलडीहा जनपद चन्दौली 17/18.05.2025 की रात्रि में थाना चंदवक अन्तर्गत सूचना प्राप्त हुई की दिनांक 14.05.2025 को पुलिस टीम पर हमला जिस वाहन से किया गया था उक्त पिकअप वाहन वहां पर है, जिसके क्रम में पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी की गई, वहां पर पिकअप तथा पिकअप में बैठे अभियुक्तों द्वारा पुलिस की टीम व आमजन व वाहनों के ऊपर जानलेवा हमला करते हुए वहां से निकलने का प्रयास किया गया।

डियूटी पर तैनात मु0आ0 दुर्गेश सिंह के द्वारा अदम्य साहस का परिचय देते हुए जनसामान्य व पुलिस की टीम की जान को बचाने के लिए तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी का प्रयास किया गया। अभियुक्तो द्वारा उनके उपर जानलेवा तरीके से हमला किया गया, जिसमें वह घायल हो गए। घायल मु0आ0 दुर्गेश सिंह को उपचार हेतु तत्काल ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां पर इलाज के दौरान असामयिक दुःखद मृत्यु हो गई।

बालक का अपहरण और हत्या करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

सकलडीहा, चंदौली। पुलिस अधीक्षक चन्दौली, आदित्य लांग्हे के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक सदर अनन्त चन्द्रशेखर (आईपीएस) एंव क्षेत्राधिकारी सकलडीहा रघुराज के गहन पर्यवेक्षण व मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक सकलडीहा हरिनारायण पटेल के नेतृत्व में थाना सकलडीहा पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-64/2025 धारा 137(2)/103 (1)/238 बीएनएस में प्रकाश में आये अभियुक्त असलम उर्फ अरमान पुत्र अरशद अंसारी निवासी ग्राम नौरंगाबाद थाना सकलडीहा जनपद चन्दौली को दिनांक 17.05.2024 समय 19.00 बजे ग्राम नौरंगाबाद से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 04.05.2025 को ग्राम प्रधान नौरंगाबाद अरसद अली अन्सारी पुत्र स्व0 वकील अहमद निवासी ग्राम नौरंगाबाद थाना सकलडीहा जिला चन्दौली थाना स्थानीय पर तहरीर दिया गया कि उनका पौत्र मंजर अली पुत्र समीर अली उर्फ तूरफान उम्र 05 वर्ष दरवाजे पर खेल रहा था कि सुबह 10 बजे से गायब है। उक्त सूचना पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित की गयी। पुलिस कार्यवाही- अपहृत मंजर अली की तलाश में गाँव के आसपास के सीसीटीवी फूटेज व सीडीआर के अवलोकन से अपहृत के चाचा असलम उर्फ अरमान पुत्र अरशद अंसारी निवासी ग्राम नौरंगाबाद थाना सकलडीहा जनपद चन्दौली का नाम प्रकाश में आया। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि अभियुक्त द्वारा पारिवारिक मन मोटाव के कारण अपने सगे भतीजे मंजर अली को घुमाने फिराने के बहाने बिना परिवारवालो को बताये अपने साथ लेकर चला गया तथा अपने भतीजे की हत्या कर साक्ष्य को मिटाने के उद्देश्य से शव को धानापुर में सडक के किनारे स्थित कुएे में फेंक दिया।

अभियुक्त की निशानदेही पर सकलडीहा पुलिस द्वारा अपहृत के शव को बरामद करते हुए पंचायतनामा व पोस्टमार्टम की कार्यवाही कराया गयी। तथा घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल,घटना के समय अभियुक्त द्वारा पहने हुए कपड़े व हेलमेट व जूता अभियुक्त के घर से बरामद किया गया एंव अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

मंडलायुक्त एस राजलिंगम ने ट्रामा सेंटर, आईएमएस बीएचयू का किया औचक दौरा

भीड़ को देखते हुए एक वैकल्पिक प्रवेश द्वार तथा एक बहु-स्तरीय पार्किंग व्यवस्था विकसित करने की संभावना तलाशने का निर्देश दिया

मण्डलायुक्त एस राजलिंगम ट्रामा सेंटर के औचक निरीक्षण के दौरान प्रोफेसर इंचार्ज डॉ सौरभ सिंह से जानकारी लेते हुए

तरुणमित्र न्यूज
वाराणसी। मंडलायुक्त एस. राजलिंगम द्वारा ट्रॉमा सेंटर, आईएमएस, बीएचयू का रविवार को दौरा किया गया। ट्रामा सेंटर निरीक्षण के दौरान प्रो सौरभ सिंह, प्रोफेसर इंचार्ज, ट्रॉमा सेंटर द्वारा उनका स्वागत करते हुए ट्रॉमा सेंटर की कार्यप्रणाली, रोगियों की संख्या एवं हाल में की गई सुधारात्मक पहलों की जानकारी दी गयी। मंडलायुक्त ने सेवा दान आरोग्य फाउंडेशन द्वारा सीएसआर के तहत निर्माणाधीन आहार गृह स्थल का निरीक्षण किया, जो मरीजों के तीमारदारों के लिए एक पूर्ण रसोई व भोजनालय सुविधा होगी।

सीवर लाइन के कारण भवन के पुन: निर्धारण (realignment) की आवश्यकता बताई गई तथा इसके लिए वर्तमान सुलभ शौचालय को एंबुलेंस पार्किंग क्षेत्र में स्थानांतरित करने का सुझाव प्रस्तुत किया गया जिसको मंडलायुक्त द्वारा सहर्ष स्वीकार किया गया।इसके बाद, ट्रॉमा सेंटर में पार्किंग की सीमित व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। प्रो सौरभ सिंह ने बताया कि आने वाले समय में क्रिटिकल केयर ब्लॉक, नर्सिंग हॉस्टल और आहार गृह के चालू होने से वाहनों की संख्या और अधिक बढ़ेगी, इसलिए एक व्यवस्थित और विस्तृत पार्किंग की आवश्यकता है। दौरे के दौरान मुख्य प्रवेश द्वार के सामने हो रहे अतिक्रमण की ओर भी ध्यान दिलाया गया, जिससे एंबुलेंस को मुड़ने में कठिनाई हो रही है। मंडलायुक्त ने इसे प्राथमिकता पर हटवाने का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त, बीएचयू मुख्य द्वार पर लगने वाले जाम से मरीजों, एंबुलेंस और अन्य आगंतुकों को हो रही परेशानी की जानकारी भी दी गई। प्रो सौरभ सिंह ने बताया कि सर सुन्दरलाल अस्पताल सहित प्रतिदिन 8 से 10 हजार मरीज परिसर में आते हैं, लेकिन वैकल्पिक मार्ग या प्रवेश द्वार की सुविधा नहीं है। इस पर मंडलायुक्त ने एक वैकल्पिक प्रवेश द्वार तथा एक बहु-स्तरीय पार्किंग व्यवस्था विकसित करने की संभावना तलाशने की सहमति दी।

ममता रानी के कार्यकाल में नए कानूनों के तहत हुई त्वरित कार्रवाई, सलाखों के पीछे रहे अपराधी

महिला अपराध के संदर्भ में अपराधियों के प्रति रहा रवैया सख्त, पीड़िताओं को मिला समय पर न्याय

डा. मोहम्मद जावेद
तरुणमित्र न्यूज
वाराणसी। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल के निर्देशन व अपर पुलिस उपायुक्त (महिला अपराध) ममता रानी के पर्यवेक्षण में कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दृष्टि से जनपदीय कार्यालय एवं थानों पर आने वाले समस्त महिला अपराध के अतिसंवेदनशील एवं गम्भीर प्रकरणों में नित-प्रतिदिन जनसुनवाई एवं प्रभावी समीक्षा के माध्यम 03 नवीन कानूनों के प्रावधानों के अनुरुप ई-साक्ष्य एप पर साक्ष्य संग्रह करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी, अपहृताओं की बरामदगी एवं लम्बित विवेचनाओं का त्वरित एवं प्रभावशाली निस्तारण पर विशेष बल दिया।

इस बाबत एडीसीपी ममता रानी ने बताया कि वर्ष 2025 में बलात्कार एवं पाक्सो एक्ट के प्रकरणों में कुल 49 पीड़िताओं के प्र0प0त्र पर त्वरित कार्यवाही करते हुए 24 घण्टे के अन्दर 45 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की कार्यवाही करते हुए 03 अभियोगों में 7 दिन, 6 अभियोगों में 15 दिन तथा 26 अभियोगों में 6 दिन के अंदर कानूनी प्रावधानों के अनुरुप कार्यवाही कराते हुए आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। नाबालिग बच्चियों के गायब होने चले जाने के सम्बन्ध में प्राप्त कुल 271 प्रा0 पत्रों पर तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए 0ल4 अभियोगों में 24 घण्टे एवं 19 अभियोगों में 15 दिन तथा 96 अभियोगों में 60 दिन तथा 123 अभियोगों में कुल 242 अपहृताओं की सकुशल बरामदगी कराते हुए उनके परिजनों को नियमानुसार सुपुर्द कर विवेचना का निस्तारण किया। थाना एएचटी के अथक प्रयासों से 02 वर्ष से अपहृत बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया तथा थाना एएचटी की टीम को इस सराहनीय कार्य हेतु पुरष्कृत किया गया। वर्ष 2025 में शीलभंग / दहेज उत्पीड़न / दहेज हत्या के पंजीकृत 288 अभियोगों में त्वरित कार्यवाही कराते हुए 14 अभियुक्तों की 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तारी की गयी तथा 217 अभियुक्तों के विरुद्ध 151 सीआरपीसी /189 बीएनएस की कार्यवाही कराते हुए 02 अभियोगों में 7 दिन, 04 अभियोगों में 15 दिन तथा 116 अभियोगों में 60 दिन में कुल 276 अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराते हुए गुणवत्तापरक विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए नए कानूनी प्रावधानों के अनुरुप आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। महिला सहायता प्रकोष्ठ के माध्यम से कुल 642 प्रकरणों में सुलह-समझौता कराया गया तथा 387 प्रकरणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाराणसी मीडीएशन के लिए भेजा गया जिसमें से 17 प्रकरणों में मीडिएशन असफल होने के उपरान्त वादिनी के लिखित बयान के आधार पर सम्बन्धित थानों पर एफआईआर दर्ज कराकर नियमानुसार विधिक कार्यवाही कराया गया तथा उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त कुल 643 प्रकरणों का शासन की मंशा अनुरुप समयबद्ध गुणवत्तापरक निस्तारण कराया गया। महिलाओं के विरुद्ध घटित अपराधों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्यवाही कराते हुए कुल 276 अभियुक्तों की गिरफ्तारी /151सीआरपीसी /189 बीएनएस कार्यवाही कराते हुए 242 अपहृताओं की सकुशल बरामदगी कर नियमानुसार उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया।

वर्ष 2025 में आपरेशन कन्विक्शन के अन्तर्गत मा0 न्यायालय में प्रभावी पैरवी के माध्यम से कुल 37 वादों में निस्तारण कराया गया जिसमें 20 वादों में 31 अभियुक्तों को सजा दिलाई गई, पाक्सो एक्ट के कुल 17 अभियोगों में 26 अभियुक्तों, दहेज हत्या के कुल 2 अभियोगों में कुल 4 अभियुक्त तथा बलात्कार के 1 अभियोग में 1 अभियुक्त को सजा दिलाई गयी।

वाराणसी पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल, एडीसीपी (महिला अपराध / सुरक्षा) ममता रानी को उनके बेहतरीन कार्यों के बाबत प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो प्रदान करते हुए

जिलाधिकारी ने राजस्व कार्यों/ कर-करेत्तर की समीक्षा कर अफसरों को दिए आवश्यक निर्देश

डीएम ने अपेक्षित प्रगति न होने एवं अनुपस्थित मंडी सचिव जितेंद्र सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टि की जारी

तरुणमित्र न्यूज
वाराणसी। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कैंप कार्यालय में राजस्व कार्यों, राजस्व न्यायालयों व कर-करेत्तर कार्यों की समीक्षा बैठक सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के साथ किया।

जिलाधिकारी ने राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी लाए जाने पर विशेष जोर देते हुए निर्देशित किया कि पुराने राजस्व वादों को प्राथमिकता पर निस्तारित करें। उन्होंने लंबित एवं विवादित प्रकरण, दाखिल खारिज आदि के प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने पत्रावलियों के रखरखाव के संबंध में कहा की सभी पुराने वाद पत्रावलियों पर लाल पर्ची चिपकायें। तीन साल से अधिक अवधि के सभी वादों को मेरिट के आधार पर निस्तारण कराए। उन्होंने जन शिकायतों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में निस्तारण सुनिश्चित कराए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आईजीआरएस शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई पोर्टल पर कोई भी संदर्भ डिफाल्टर न होने दें। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण ससमय गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। शिकायत के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपस में समन्वय स्थापित करते हुए राजस्व वसूली में वृद्धि करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने अपेक्षित प्रगति न होने एवं अनुपस्थित मंडी सचिव जितेंद्र सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने खनन विभाग के राजस्व की समीक्षा के दौरान मिट्टी की खुदाई करने वालों को निर्देशित किया कि स्वीकृति के बाद ही मिट्टी की खुदाई करें। चेकिंग करने पर अवैध खनन पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग को गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन बढ़ाने व प्रवर्तन कार्य करते हुए ओवरलोडिंग पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी को अनुपालन आख्या में दिए गए निर्देशों को पूर्ण करते हुए अवैध शराब की तस्करी को पकड़ते हुए आबकारी राजस्व बढ़ाने का निर्देश दिया।इस अवसर पर एडीएम सिटी आलोक कुमार वर्मा, एडीएम एफआर वंदिता श्रीवास्तव, एडीएम प्रोटोकॉल प्रकाश चंद्र, एडीएम सिविल सप्लाई अमित कुमार भारतीय एवं समस्त उप जिलाधिकारी और जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार अधीनस्थ अफसरों संग राजस्व कार्य व कर करेत्तर कार्यों के बाबत समीक्षा बैठक लेते हुए

प्रवासी साहित्य ने भारत के दिल और संस्कृति को रखा है जिंदा

हिन्दी विभाग, काशी विद्यापीठ में प्रवास में हिंदी साहित्य विषय पर व्याख्यान आयोजित

तरुणमित्र न्यूज
वाराणसी। हिंदी और अन्य भारतीय भाषा विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी में सावित्रीबाई फुले व्याख्यान माला के दूसरे क्रम में प्रवास में हिंदी साहित्य विषय पर व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता अंतर्राष्ट्रीय हिंदी साहित्य प्रवाह की संस्थापक डा. मीरा सिंह ने बहु भाषिकता को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने अपने वक्तव्य में प्रवासी साहित्य की विषय वस्तु तथा अपनी पुस्तकों के संदर्भ से प्रवासी साहित्यकारों के संघर्ष एवं हिन्दी के लिए किए गए योगदान को भी अभिव्यक्त किया। डॉ मीरा ने आधुनिकता के दौर में मर रही संवेदनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए उसे बचाने की गुहार भी लगाई।

स्वागत वक्तव्य देते हुए विभागाध्यक्ष प्रो राजमुनि ने प्रमुख प्रवासी साहित्यकारों का नामोल्लेख करते हुए प्रवासी साहित्य की विशेषताओं पर अपना विचार प्रस्तुत किया। बीज वक्तव्य देते हुए प्रो रामाश्रय सिंह ने भारतीय शिक्षा, संस्कृति एवं गुरु-शिष्य परंपरा को अमेरिका के शिक्षा, संस्कृति और मानवीय रिश्तों की वर्तमान स्थिति से भिन्न बताते हुए अपने विचार प्रस्तुत किये। संचालन शोध छात्रा अंजना भारती एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ विजय कुमार रंजन ने किया। इस अवसर पर प्रो अनुकूल चंद राय, प्रो अविनाश कुमार सिंह, अंजना, रेनु, सुनीता, देवव्रत आदि उपस्थित रहे।

काशी विद्यापीठ हिंदी विभाग के कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि डा. मीरा सिंह, विभागाध्यक्ष प्रो. राजमुनि, प्रो. रामाश्रय सिंह, प्रो. अनुकूल चंद राय, प्रो. अविनाश सहित अन्य

एनडीआरएफ के जाबांजों ने तीन महिला श्रद्धालुओं को डूबने से बचाया

तरुणमित्र न्यूज
वाराणसी। काशी के मण मन्दिर घाट पर रविवार को एक भावुक कर देने वाली घटना घटी, जब मध्यप्रदेश के मऊगंज ज़िले के धरमपुरा गाँव से आई तीन महिला श्रद्धालु सुमन त्रिपाठी (आयु 55 वर्ष), पूजा शुक्ला (आयु 36 वर्ष), सरस्वती त्रिपाठी (आयु 28 वर्ष) स्नान करते समय गहरे पानी की ओर बह गईं और डूबने की स्थिति में पहुँच गईं।

उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में 11वीं वाहिनी, एनडीआरएफ की बचाव टीम जो काशी के घाटों पर तैनात हैं, बिना विलंब किए जल में छलांग लगाकर त्वरित प्रतिक्रिया और उत्कृष्ट तकनीकी कौशल का परिचय देते हुए तीनों महिलाओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस वीरतापूर्ण कार्य ने न केवल तीन अमूल्य जीवनों की रक्षा की, बल्कि यह एक बार फिर सिद्ध करता है कि एनडीआरएफ न केवल आपदा प्रबंधन की प्रतीक है, बल्कि विश्वास और सुरक्षा का पर्याय भी है।

बकरा चोर को किया गिरफ्तार

मीरगंज। पुलिस ने एक बकरा चोर को बकरे के साथ पकड कर जेल भेज दिया। एक बकरा चोर को पकडने के लिए पुलिस टीम मे 8 लोग शामिल रहे। पुलिस के अनुसार मीरगंज थाना के जगदीशपुर गाँव निवासी वाजिद अली चोरी के बकरे के साथ जरौना फाटक से होकर जा रहा था मुखबिरी की सूचना पर पुलिस ने उसे बकरे के साथ पकड कर जेल भेज दिया। एक बकरा और एक चोर को पकडने के लिए पुलिस की पूरी टीम लगानी पडी। बकरा चोर को गिरफ्तार करने मे एसओ निरीक्षक विनोद अंचल, उपनिरीक्षक जुल्फिकार अली, हेड कांस्टेबल संदीप पाल, कास्टेबल रघुराज सिंह, कास्टेबल रणजीत सिंह, कास्टेबल विनोद पास शामिल रहे। थानाध्यक्ष विनोद अंचल का कहना है कि बकरा चोर को बकरे के साथ गिरफ्तार किया गया है।

17 लाख गबन के आरोप में गिरफ्तार

मछलीशहर। स्थानीय नगर के मीरपुर तिराहे पर संचालित इंडस बैंक में कार्यरत बैंक के शाखा प्रबंधक व क्रेडिट मैनेजर को पुलिस ने रविवार को 17 लाख 32 हजार गबन करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। बैंक के यूनिट मैनेजर श्याम बिहारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उनके द्वारा 15 मई को उक्त बैंक की शाखा का निरीक्षण किया गया तो बैंक में कार्यरत क्रेडिट मैनेजर जयप्रकाश यादव और शाखा प्रबन्धक राहुल कुमार सिंह ने दोपहर तक लाकर में रखे कैश को खोलने में आनाकानी करते रहे। डेढ़ बजे सख्ती बरतने पर लाकर खोला तो उसमें 73881 रुपया ही मिला जबकि 14 मई को 15 लाख 97 हजार 246 रुपए कैश वसूली करने की पोस्टिंग की गई थी। 2लाख 08 हजार 707 रुपए महिलाओं से लोन की किश्त वसूलने की बात सामने आई। बैंक की शाखा में उक्त धनराशि उपलब्ध नहीं होने और कैश का हिसाब नहीं मिलने के बाद यूनिट मैनेजर श्याम बिहारी ने मछलीशहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है जिसमें कार्यवाही करते हुए पुलिस ने गबन करने के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

भारतीय कुश्ती संघ उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष बने नीरज पहलवान

नीरज पहलवान का स्वागत करते लोग।

तरुणमित्र न्यूज
केराकत। क्षेत्र के ग्राम गोबरा निवासी और समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष नीरज पहलवान को भारतीय कुश्ती संघ, उत्तर प्रदेश का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। रविवार दोपहर जैसे ही उनके मनोनयन की सूचना क्षेत्र में पहुँची, कुश्ती प्रेमियों और ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा है कि इण्डियन स्टाइल रेसलिंग एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की एक बैठक में सर्वसम्मति से नीरज पहलवान को उपाध्यक्ष पद के लिए मनोनीत किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के महासचिव लालजी यादव, अध्यक्ष रामाश्रय यादव समेत कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। नीरज पहलवान के गृहग्राम गोबरा में जैसे ही यह सूचना पहुँची, बधाई देने वालों का तांता लग गया। ग्रामीणों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए गर्व की बात बताते हुए कहा कि नीरज पहलवान ने सदैव कुश्ती और खेल को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई है। स्थानीय युवाओं ने भी उनके मनोनयन को प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि इससे क्षेत्रीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने में नई राह मिलेगी।

रानी अहिल्या बाई होलकर त्रिशताब्दी स्मृति कार्यक्रम को एमएलसी द्वय ने किया संबोधित

जिला प्रभारी /सदस्य विधान परिषद अरुण पाठक का स्वागत करते एमएलसी/ भाजपा जिला अध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा

तरुणमित्र न्यूज
वाराणसी। भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय केसरीपुर रोहनिया में पुण्यश्लोक रानी अहिल्या बाई होलकर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान कार्यक्रम के तहत रविवार को जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। कार्यक्रम को जिला प्रभारी/सदस्य विधान परिषद अरुण पाठक व एमएलसी / भाजपा जिला अध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने सम्बोधित किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या सहित तमाम पार्टी के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अजय राय के समक्ष कांग्रेस पार्टी ज्वाइन करने पर पार्टी के नेतागणों ने दी बधाई व शुभकामना

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष कांग्रेसजनों संग पार्टी ज्वाइन करते संजय राय प्रियदर्शी

तरुणमित्र न्यूज
वाराणसी। कांग्रेस पार्टी कार्यालय लखनऊ पर समाजवादी पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय राय प्रियदर्शी ने कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व राहुल गांधी एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के जनहित के मुद्दों पर किए गए संघर्षों से प्रभावित होकर अपने सैकड़ों साथियों के साथ अजय राय एवं ज्वाइनिंग प्रभारी नितिन शर्मा के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।विश्वनाथ कुंवर पूर्व जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस/ जिला उपाध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी वाराणसी ने इस बाबत बताया की संजय राय प्रियदर्शी ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के कार्यों से प्रभावित होकर अपने सैकड़ों साथियों संग कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया।इस दौरान अपने दर्जनों साथियों के साथ वाराणसी से चलकर लखनऊ आए लल्लापुरा के पार्षद प्रिंस राय एवं युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष विश्वनाथ कुंवर ने संजय राय प्रियदर्शी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

वीडीए ने अवैध निर्माण को किया सील

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-5 वार्ड-मुगलसराय के प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी। मुगलसराय के अंतर्गत के.डी मिश्राव मौजा सुभाषनगर व सतनाम सिंह द्वारा मौजा बेचुपुर वार्ड मुगलसराय जिला चंदौली में किए जा रहे अनाधिकृत निर्माण के विरुद्ध उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत नोटिस की कार्रवाई की गई थी, किन्तु पक्ष द्वारा लगातार रात्रि के दिनों में किये जा रहे उक्त अनधिकृत निर्माण स्थल को सील कर सम्बन्धित थाने की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया। मौके पर जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, अवर अभियंता अशोक कुमार व प्रवर्तन टीम उपस्थित रही।

सीएचसी में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का शुभारम्भ

बदलापुर। बदलापुर विधायक रमेशचंद्रमिश्र ने रविवार को सीएच सी में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का लोकार्पण व शुभारंभ फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट के निर्माण से क्षेत्रीय लोगों कोअब भटकना नहीं पड़ेगा। हेल्थ यूनिट में आधुनिक मशीनों से सीबीसी, लीवर, किडनी, कोलस्ट्राल, एच.आई.वी, हेपेटाइटिस, मलेरिया, टायफायड, डेंगू, शुगर, पेशाब व टीबी, इलेक्ट्रोलाइट, ब्लड ग्रुप, सिफलिस जैसी जांच की सुविधा नि:शुल्क प्राप्त हो सकेगी।

पब्लिक हेल्थ यूनिट का शुभारंभ करते विधायक।

इस अवसर पर चिकित्साधीक्षक डा. संजय दुबे, नारायण तिवारी, गंगा प्रसाद, राम सहाय पाण्डेय, बद्रीनारायण शास्त्री, ओंकार नाथ मिश्र, मिथिलेश सिंह विनोद शर्मा शनि शुक्ला, विनोद सिंह, वैभव सिंह, शिव पूजन पाण्डेय, दिलीप जायसवाल, धनंजय सेठ, महेंद्र शुक्ला, डा. गौरव सिंह, हरिलाल मोदनवाल, राजेश दुबे सभासद हरिनाथ मौर्य, बबलू पाण्डेय, राजेश साहू, बंटी शुक्ल आदि मौजूद रहे।

पीएम मोदी के सपनों को पलीता लगता जल निगम विभाग

शाहगंज। पीएम मोदी की हर घर जल योजना दम तोड़ती नजर आ रही है जहां जिले के शाहगंज तहसील क्षेत्र के खुटहन विकासखंड के इमामपुर ग्राम सभा में बगैर पानी की टंकी के सभी घरों तक नल तो लग गया है लेकिन एक साल से ज्यादा का समय बीतने के बाद भी आज तो पानी को तरसती टोटियां इतना ही नहीं अभी तक पानी की टंकी का निर्माण नहीं किया गया, न ही पूरे ग्राम पंचायत में नल की टोटियां फैलाई गई है। जल जीवन मिशन के तहत ठेकेदार ने घर घर नल तो लगा दिया और भारी भरकम पेमेंट करा लिए लेकिन सरकार का करोड़ों रुपए अब मिट्टी में मिलता नजर आ रहा है ग्राम पंचायत के युवा समाजसेवी सुजीत वर्मा एडवोकेट ने मांग किया है कि अगर टंकी का निर्माण जल्द नहीं कराया जाता है तो हम सब आंदोलन करने को बाधित होंगे इसके जिम्मेदार जिला प्रशासन होगा।

भागवत कथा से ईश्वर की प्राप्ति होती है : प्रकाश चंद

व्यासपीठ से अमृत वर्षा करते प्रकाशचंद।

सुजानगंज। क्षेत्र में चल रहे भागवत कथा में कथावाचक ने बताया यदि ईश्वर की कृपा पानी है तो सदैव धर्म और सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। प्रभु का अवतार तो अधर्मियों का विनाश कर धर्म की स्थापना के लिए होता है। उक्त उद्गार लगधरपुर ग्राम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में प्रकाश चंद्र पाण्डेय विद्यार्थी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। श्री कृष्ण के बाल लीलाओं के प्रसंग पर विस्तार से प्रकाश डाला। पूतना उद्धार अघासुर, बकासुर बध की कथा का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि प्रभु कृष्ण का अवतार इसीलिए हुआ था ताकि अधर्म और अन्यायों को खत्म किया जा सके। जब धर्म की हानि होती है तब प्रभु किसी न किसी रूप में इस धरा पर अवतरित होते हैं। मुख्य यजमान शीतला प्रसाद मिश्र सपत्नी कथा के पूर्व व्यास गद्दी का पूजन अर्चन कर माल्यार्पण से व्यास जी का स्वागत किया। इस अवसर पर राम सिंगार शुक्ला, मनोज मिश्रा, त्र्यंबक पांडे समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

सेना के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा

यात्रा में शामिल रहा 72 मीटर लंबा तिरंगा, गूंजे भारत माता के जयकारे

मुंगराबादशाहपुर। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के तहत सेना के शौर्य के सम्मान में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव केशरी के नेतृत्व में रविवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें 75 मीटर लंबा तिरंगा झंडा शामिल रहा लोगों ने तिरंगे को लहराकर भारत माता की जय और वंदेमातरम का उद्घोष किया। शाम करीब पांच बजे भाजपा समेत विभिन्न संगठनों के लोग नईबाजार तिराहे पास एकत्रित हुए।

यहां से हाथों में तिरंगा झंडा लेकर आगे बढ़े। देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों के बीच लोगों ने देश के सम्मान में जयकारे लगाएं। तिरंगा यात्रा नईबाजार से निकलकर कस्बे के मुख्य मार्ग से होते हुए सिद्धि सदन यूनियन बैंक के पास पहुंचकर समाप्त हुई। इसमें भाजपा संगठन के पदाधिकारियों, समाजसेवी, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, हिन्दू युवा वाहिनी युवाएं भी शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के समापन पर ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र सिंह, भाजपा जिला महामंत्री सुशील मिश्रा, पूर्व प्रत्याशी अजय शंकर दुबे, चेयरमैन कपिल मुनि, राज पटेल, धीरज गुप्ता, मनोज तिवारी व अर्चना शुक्ला आदि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व में हमारी सेना ने आतंकवाद के विरुद्ध पराक्रम और दृढ़ता का परिचय दिया है। सेनाओं ने विश्व को यह संदेश दिया है कि भारत अब मौन नहीं रहेगा, हर स्थिति में मुंहतोड़ जवाब देगा। इस अवसर पर नीलम गुप्ता, पुष्पा शुक्ला, चंद्रेश गुप्ता, शिवकुमार लल्ला, दीपू मोदनवाल, सूर्यलाल जायसवाल, शिव प्रसाद गुप्ता बबलू, सभासद बैजनाथ साहू, मनोज तिवारी, सन्तोष मिश्रा, राहुल पाण्डेय, पंकज दुबे, दुर्गेश दुबे, धीरज गुप्ता, राजीव केशरी,मुकेश पटेल, अजय सरोज व देवेंद्र सिंह समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

तिरंगा यात्रा में शामिल लोग।

प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

153 मरीजों का परीक्षण कर दवाइयां दी गई

तरुणमित्र न्यूज़

